प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

योगी का विदेश दौरा- उत्तर प्रदेश को 'मैन्युफैक्चरिंग हब ऑफ इंडिया' बनाने का लक्ष्य पेज- 2

पेज-6 जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों को जल्द कराएं पूरा : अजीत सिंह

वर्ष : 15 अंक : 69 शुक्रवार 27 फरवरी, 2026 डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

# इजराइल के दुश्मन ईरान ने पीएम मोदी से की ये अपील, भारत को बताया अच्छा दोस्त

(एजेंसी) तेहरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इजराइल के दौरे पर हैं। उनकी इस यात्रा के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने उनसे फिलिस्तीन का मुद्दा उठाने की अपील की है। अराघची ने एक इंटरव्यू में कहा कि मुझे उम्मीद है कि पीएम मोदी इजराइल में रहते हुए फिलिस्तीनियों और उनके अधिकार के सवाल पर भी बात करेंगे। अराघची ने भारत को अच्छा दोस्त बताया और कहा कि तेहरान और नयी दिल्ली के बीच रिश्ते हमेशा से अच्छे रहे हैं। अब्बास अराघची ने गाजा में इजराइल की मिलिट्री कार्रवाई की आलोचना की और भारत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजराइल दौरे के दौरान फिलिस्तीनी अधिकारों का मुद्दा उठाने की अपील की। पीएम मोदी इजराइल के दो दिन के अधिकारिक दौरे पर हैं। अराघची ने आरोप लगाया कि गाजा में



इजराइल की कार्रवाई नरसंहार के बराबर है और कहा कि तेहरान ऐसे शासन के साथ जुड़ना सही नहीं समझता। अराघची ने उम्मीद जताई कि इजराइल में रहते हुए पीएम मोदी फिलिस्तीनियों और उनके अधिकार के सवाल पर भी बात करेंगे। इंटरव्यू में, अराघची ने कहा, दुर्भाग्य से इजराइल ने ही पूरे गाजा को तबाह कर दिया है। 75 हजार लोग मारे गए हैं और यह कोई दावा नहीं है यह एक सच्चाई है, जिसे लगभग सभी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने कन्फर्म किया है। तो जाहिर है, हमें नरसंहार करने वाली सरकार से निपटना सही नहीं लगता। ईरान के विदेश मंत्री ने आगे कहा कि यह भारत में हमारे दोस्तों पर है कि वे खुद फैसला करें, लेकिन मुझे उम्मीद है कि जब प्रधानमंत्री मोदी वहां होंगे, तो वे फिलिस्तीनियों और उनके अधिकार के सवाल पर भी बात कर सकते हैं। अराघची ने भारत के साथ ईरान के मजबूत और ऐतिहासिक रिश्तों को फिर से दोहराया और नयी दिल्ली को अपना दोस्त बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच आर्थिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों में आपसी रिश्ते हैं और भरोसा जताया कि यह पार्टनरशिप बढ़ती रहेगी। उन्होंने कहा, भारत के साथ हमारे हमेशा बहुत अच्छे रिश्ते रहे हैं। भारत ईरान का दोस्त है और हमारा रिश्ता ऐतिहासिक है। हम चाहते हैं कि यह ऐसे ही जारी रहे। विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ मेरे अच्छे कॉन्टैक्ट हैं और हम हमेशा अपने विचार शेयर करते हैं। हमारे व्यक्तिगत रिश्ते बहुत अच्छे हैं। उन्होंने कहा, मुझे भरोसा है कि ईरान और भारत अपने अच्छे, दोस्ताना रिश्ते जारी रख सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि भारत हमारे इलाके में शांति और स्थिर बनाने और इजरायलियों द्वारा फिलिस्तीनियों के खिलाफ और क्राइम और हत्याओं को रोकने के लिए अपनी सकारात्मक और निर्णायक भूमिका निभाएगा। पीएम मोदी ने बुधवार को इजराइल की संसद नेसेट को संबोधित किया। उन्होंने गाजा शांति पहल को पूरे क्षेत्र के लिए न्यायपूर्ण और स्थायी शांति का मार्ग बताया, साथ ही उन्होंने इजराइल के प्रति एकजुटता का सशक्त संदेश देते हुए कहा कि आतंकवाद चाहे कहीं हो, यह हर जगह की शांति के लिए खतरा है। पीएम मोदी ने कहा कि इजराइल की तरह भारत भी आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की एक सुसंगत और अडिग नीति अपनाता है और इसमें कोई दोहरा मापदंड नहीं है। उन्होंने इस खतरे का मुकाबला करने के लिए निरंतर और समन्वित वैश्विक प्रयासों का आह्वान भी किया। पीएम मोदी ने कहा, मैं सात अक्टूबर (2023) को हमास द्वारा किए गए बर्बर आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले हर व्यक्ति और उस परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिसकी दुनिया इस हमले में बिखर गई।

## किसान की सुरक्षा-सम्मान से ही भारत सफल होगा,राहुल ने सरकार को यूएस ट्रेड डील पर घेरा

(एजेंसी) कन्नूर। केरल दौरे पर पहुंचे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत–अमेरिका व्यापार समझौते पर केंद्र सरकार को घेरा। कन्नूर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भारत तभी सफल हो सकता है जब हमारे किसानों का सम्मान और सुरक्षा हो। दरअसल, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पेरावूर में किसान सम्मेलन में शामिल हुए। जहां उन्होंने कहा, मैं जब भी किसानों के बारे में सुनता हूं तो वे हमेशा दुख और तकलीफ



सहते रहते हैं। सच तो यह है कि आपके पास कोल्ड स्टोरेज नहीं है, जब आप बोल रहे थे, उस समय मैं इस बिल्डिंग के बारे में सोच रहा था। बिल्डिंग बनाने के लिए उसे सही नींव के बिना बनाना मुमकिन नहीं है... जैसे बिल्डिंग को नींव की जरूरत होती है, वैसे ही देश को भी नींव की जरूरत होती है। नींव के बिना देश नहीं बन सकता। सीधी सी बात यह है कि हमारे किसान और खेती ही भारत की नींव हैं। आईटी और बाकी सब पर लंबे–लंबे लेक्चर दिए गए हैं, लेकिन इस देश की नींव, जो हमारे भारतीय किसान हैं, उनके बारे में बात नहीं की गई। केरल के संदर्भ में, हम अपना घोषणापत्र तैयार करने की प्रक्रिया में हैं। मैं आप (किसानों) से अपने सुझाव देने का आग्रह करता हूँ। अगली सरकार, यूडीएफ सरकार को यह याद रखना चाहिए कि केरल की ताकत उसके किसानों और मजदूरों में निहित है। सरकार को किसानों तक सेवा प्रदाता के रूप में पहुँचना चाहिए, न कि उनकी समस्याओं के आने का इंतजार करना चाहिए। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य, कोल्ड–चेन और भंडारण सुविधाएँ, और मुश्किल समय में सुरक्षा जैसी सुविधाओं की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय किसानों की बलि दी जा रही है ताकि प्रधानमंत्री अपनी सुरक्षा और भाजपा की आर्थिक नींव को बचा सकें। हम भारत के किसानों को प्रधानमंत्री के हाथों बलि का बकरा नहीं बनने देंगे।

## सीएम योगी का जापान दौरा, यामानाशी हाइड्रोजन फैसिलिटी में पावर-टू-गैस टेक्नोलॉजी देखकर बोले-यूपी ग्रीन हाइड्रोजन और सस्टेनेबल एनर्जी का हब बनेगा

(एजेंसी) लखनऊ। जापान दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यामानाशी प्रांत में ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश भी स्वच्छ ऊर्जा और आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है मुख्यमंत्री ने कहा, मैं यामानाशी के माननीय राज्यपाल और उनकी पूरी टीम के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि आज उन्होंने मुझे और मेरे सभी सहयोगियों को यामानाशी प्रांत को नजदीक से देखने, जानने और सभी के साथ संवाद करने का अवसर दिया। अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने यामनाशी प्रांत में स्थित यामानाशी हाइड्रोजन फैसिलिटी का भ्रमण किया और वहां स्थापित एडवांस्ड पावर–टू–गैस सिस्टम को कार्य करते हुए देखा। उन्होंने ग्रीन हाइड्रोजन और क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में किए जा रहे शोध और विकास कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यामानाशी का इनोवेटिव मॉडल सस्टेनेबल एनर्जी ट्रांजिशन और क्लीन मोबिलिटी सॉल्यूशंस को गति देने के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करता है। यह तकनीक भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पर्यावरणीय संतुलन के साथ पूरा करने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन, सस्टेनेबल एनर्जी सॉल्यूशंस और इनोवेशन के क्षेत्र में व्यापक संभावनाओं के साथ आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। सीएम योगी



ने कहा कि हमने उत्तर प्रदेश की नीतियों को शरिएक्टिवश की बजाय शप्रोएक्टिवश बनाया है और उसके परिणाम आज हम सबके सामने हैं। 9 वर्षों में हमने उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय तथा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तीन गुना करने में सफलता प्राप्त की है। राज्य सरकार पर्यावरणीय जिम्मेदारी, आत्मनिर्भरता और आधुनिक तकनीक आधारित विकास मॉडल को अपनाते हुए भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पुरानी दिल्ली में बदलेगी गलियों की सूरत, खत्म होगा तारों का जाल, सीएम रेखा गुप्ता ने शुरू की 159 करोड़ की परियोजना

(एजेंसी) नई दिल्ली। पुरानी दिल्ली के निवासियों और व्यापारियों के वर्षों के इंतजार के बाद,अब शाहजहानाबाद की ऐतिहासिक गलियों को बिजली के खतरनाक लटकते तारों के जाल से मुक्ति मिलने वाली है। दिल्ली सरकार ने इस जटिल समस्या का समाधान करने के लिए एक बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजना को हरी झंडी दिखा दी है। टाउन हॉल के सामने आयोजित एक खास समारोह में सीएम रेखा गुप्ता और ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने औपचारिक रूप से इस योजना का शुभारंभ किया। इस महत्वपूर्ण पहल का मुख्य उद्देश्य पुरानी दिल्ली की गलियों को सुरक्षित और सुंदर बनाना है। दशकों से लटकते तार न केवल हादसों का कारण बनते रहे हैं, बल्कि इस क्षेत्र की ऐतिहासिक सुंदरता में भी बाधा डालते रहे हैं। दिल्ली सरकार ने इस व्यापक प्रोजेक्ट के लिए 159.47 करोड़ रुपये की भारी राशि बांटी है।

## इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने पीएम मोदी को दिया सप्राइज, भारतीय कपड़े पहनकर किया डिनर

(एजेंसी) नई दिल्ली। भारत–इजरायल संबंधों में एक नया गर्मजोशी भरा अध्याय जुड़ गया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संयुक्त डिनर से पहले पारंपरिक भारतीय परिधान पहनकर सबको चौंका दिया। उन्होंने एक्स पर हिंदी में पोस्ट किया कि हमारे संयुक्त रात्रिभोज से पहले, मैंने अपने मित्र प्रधानमंत्री मोदी को पारंपरिक भारतीय परिधान पहनकर चौंका दिया। पीएम नेतन्याहू ने सफेद फुल स्लीव शर्ट के ऊपर लाइट ग्रेध्स्टोन कलर का नेहरू जैकेट (जिसे मोदी जैकेट भी कहते हैं) बैंड कॉलर, स्लीवलेस, टेलर्ड फिट पहने हुए थे। इसके साथ ही नीचे डार्क फॉर्मल पैंट और काले फॉर्मल जूते। यह इंडियन–वेस्टर्न मिक्स स्टाइल था, जो दोस्ती और सांस्कृतिक




सम्मान का शानदार प्रतीक बना। पीएम मोदी ने इस जेस्चर पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बहुत ही शानदार! भारतीय परिधान के प्रति आपका लगाव हमारे देश की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं के प्रति आपके सम्मान को दर्शाता है। पीएम मोदी ने यरुशलम में इजरायली संसद नेसेट के विशेष पूर्ण सत्र को संबोधित किया। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा नेसेट को दिया गया पहला संबोधन है! नेसेट स्पीकर अमीर ओहाना ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और श्स्पीकर ऑफ द नेसेटश पदक से सम्मानित किया। मोदी ने इस पदक को दोनों देशों की स्थायी मित्रता और साझा लोकतांत्रिक मूल्यों को समर्पित किया।

## सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी की 8वीं क्लास की सामाजिक विज्ञान किताब पर लगाया प्रतिबंध

### जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

(एजेंसी) नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा आठ की उन किताबों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया जिसमें न्यायपालिका में भ्रष्टाचार




पर एक अध्याय शामिल है। न्यायालय ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह न्यायपालिका को बदनाम करने के इरादे से की गई सुनियोजित साजिश है, साथ ही अदालत ने भ्रष्टाचार पर अध्याय से संबंधित कक्षा आठ की सभी किताबों, उनकी प्रतियों और डिजिटल स्वरूपों को जब्त करने का आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, उन्होंने ऐसा आघात किया है, जिससे न्यायपालिका आहत हुई है। एक दिन पहले प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने एनसीईआरटी को सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में अनुचित सामग्री के लिए माफी मांगने और उचित अधिकारियों से परामर्श करके इसे फिर से लिखने की बात कही थी। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली भी शामिल थे। पीठ ने एनसीईआरटी के निदेशक और विद्यालय शिक्षा विभाग के सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया और उनसे पूछा कि जिम्मेदार लोगों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों शुरू नहीं की जानी चाहिए। एनसीईआरटी के बुधवार के पत्र का जिक्र करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा, यह (पत्र) अपने आप में गहरी साजिश को दर्शाता है.. एक सुनियोजित साजिश। पीठ ने कड़े शब्दों में कहा कि ऐसा लगता है कि न्यायपालिका को कमजोर करने और उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाने की श्सोची–समझी साजिश रची जा रही है। पीठ ने चेतावनी दी कि अगर उसके निर्देशों का किसी भी तरह से उल्लंघन किया गया तो गंभीर कार्रवाई की जाएगी। पुस्तक की सामग्री का हवाला देते हुए पीठ ने टिप्पणी की कि इस प्रकार के व्यवहार का न्यायपालिका पर गहरा असर पड़ेगा। इस तरह का आचरण आपराधिक अवमानना छकी परिभाषा के अंतर्गत आएगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर इसे रोका नहीं गया तो इससे न्यायपालिका में लोगों का विश्वास कम होगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, श्संस्था के प्रमुख के रूप में यह मेरा कर्तव्य है कि मैं इसके लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाऊं।उन्होंने कहा, हम गहन जांच करना चाहेंगे। पीठ ने इसके बाद निर्देश दिया कि केंद्र और राज्यों के शिक्षा विभागों के समन्वय से एनसीईआरटी यह सुनिश्चित करे कि पुस्तक की सभी प्रतियां, चाहे वह श्हार्ड कॉपीश हो या सॉफ्ट कॉपी, उन्हें सार्वजनिक पहुंच से हटा दिया जाए। पीठ ने कहा, अत्यधिक सावधानी बरतते हुए आगे पुस्तक के किसी भी तरह से प्रकाशन, पुनर्मुद्रण या डिजिटल प्रसार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाता है। न्यायालय ने कहा कि पुस्तक को भौतिक या डिजिटल रूप से वितरित करने का कोई भी प्रयास अदालत के आदेश की जानबूझकर अवहेलना माना जाएगा। नयी पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार शीर्षक वाले खंड में कहा गया है कि भ्रष्टाचार, लंबित मुकदमों का भारी बोझ और न्यायाधीशों की पर्याप्त संख्या की कमी न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों में से हैं। पाठ्यपुस्तक की सामग्री में यह भी कहा गया है कि न्यायाधीश एक आचार संहिता से बंधे होते हैं जो न केवल अदालत में उनके व्यवहार को नियंत्रित करती है, बल्कि अदालत के बाहर उनके आचरण को भी नियंत्रित करती है। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को इस मामले में स्वतरू संज्ञान लिया था।

## एनसीईआरटी विवाद, सुप्रीम कोर्ट की सख्ती, कांग्रेस ने साधा संघ पर निशाना

(एजेंसी) नई दिल्ली। आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की एक किताब को लेकर उठा विवाद अब राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक और संवैधानिक बहस का मुद्दा बन गया है। सुप्रीम कोर्ट ने 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' शीर्षक वाले अध्याय पर कड़ी नाराजगी जताते हुए किताब के प्रकाशन और वितरण पर तत्काल रोक लगा दी है। इसी के साथ कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि पिछले एक दशक में द्वेषपूर्ण तरीके से पाठ्यपुस्तकों को दोबारा लिखा गया है और मौजूदा विवाद उसी का परिणाम है। यह घटनाक्रम शिक्षा व्यवस्था, अभिव्यक्ति की सीमा और न्यायपालिका की गरिमा जैसे अहम सवालों को केंद्र में ले आया है।गुरुवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की उस किताब पर रोक लगा दी, जिसमें 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' से जुड़ा अध्याय शामिल था। कोर्ट ने इस किताब को छापने और बांटने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया। सुप्रीम कोर्ट ने पहले से वितरित की जा चुकी प्रतियों को वापस लेने और डिजिटल प्लेटफॉर्म से इसकी कॉपियां हटाने का भी आदेश दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह मामला गंभीर है और इसकी गहराई से जांच की जाएगी। अगली सुनवाई 11 मार्च को तय की गई है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यह न्यायपालिका को बदनाम करने की "गहरी और



सोची–समझी साजिश" प्रतीत होती है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि मामले में अवमानना की कार्रवाई पर विचार किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी के निदेशक और केंद्रीय शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। कोर्ट ने सिलेबस से जुड़ी बैठकों की कार्यवाही, विवादित अध्याय लिखने वाले लेखकों के नाम और उनकी शैक्षणिक योग्यता की जानकारी मांगी है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि किताब के प्रिंटेड या डिजिटल संस्करण का वितरण यदि जारी रहता है, तो इसे आदेश का जानबूझकर उल्लंघन माना जाएगा। सभी राज्यों के शिक्षा विभागों को दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कोर्ट ने कहा है कि जांच रिपोर्ट मिलने के बाद एक समिति गठित की जाएगी, जो पूरे मामले की पड़ताल कर जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान करेगी। केंद्र और राज्यों के शिक्षा विभाग सुनिश्चित करें कि विवादित किताब, चाहे स्कूलों में हो, छपी हुई हो या डिजिटल रूप में उपलब्ध होकृउसे तुरंत आम पहुंच से हटाया जाए। किताब के प्रिंटेड या डिजिटल संस्करण का वितरण अदालत के आदेश का उल्लंघन माना जाएगा। सभी राज्यों के मुख्य सचिव दो सप्ताह के भीतर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपें। जांच रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट एक कमेटी गठित करेगा, जो पूरे मामले की गहन जांच कर जिम्मेदार लोगों की पहचान करेगी। इन निर्देशों से स्पष्ट है कि शीर्ष अदालत इस मुद्दे को अत्यंत गंभीरता से देख रही है। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बीच कांग्रेस ने आरएसएस पर सीधा हमला बोला है। कांग्रेस का कहना है कि पिछले दस वर्षों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रभाव में पाठ्यपुस्तकों को "शरारत और द्वेष" के साथ दोबारा लिखा गया है। पार्टी का दावा है कि मौजूदा विवाद उसी प्रक्रिया का नतीजा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी पूरी तरह जायज है और शिक्षा व्यवस्था के साथ किसी भी प्रकार का वैचारिक प्रयोग देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उनका आरोप है कि पाठ्यक्रमों में बदलाव के नाम पर संस्थागत संतुलन और संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित किया गया है। हालांकि, इस आरोप पर आरएसएस या सरकार की ओर से विस्तृत प्रतिक्रिया अभी सामने नहीं आई है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित कुछ आंकड़े संसदीय अभिलेखों और नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड में उपलब्ध हैं। हालांकि, इन तथ्यों के क्रॉस वेरिफिकेशन के लिए केंद्र सरकार से परामर्श नहीं लिया गया था। सूत्रों का कहना है कि यदि तथ्यात्मक जानकारी दी भी गई थी, तो उसे प्रस्तुत करने का तरीका और संदर्भ महत्वपूर्ण है। शिक्षा सामग्री तैयार करते समय संवेदनशील संस्थाओं के बारे में संतुलित और जिम्मेदार भाषा का प्रयोग आवश्यक होता है। यह भी बताया गया कि कोर्ट की फटकार के बाद एनसीईआरटी ने बुधवार को माफी मांग ली थी। इससे संकेत मिलता है कि संस्था मामले को गंभीरता से ले रही है।यह विवाद शिक्षा सामग्री में संवैधानिक संस्थाओं की प्रस्तुति को लेकर व्यापक बहस छेड़ सकता है। एक ओर यह तर्क दिया जा रहा है कि छात्रों को संस्थागत संरचनाओं और उनकी चुनौतियों के बारे में तथ्यात्मक जानकारी मिलनी चाहिए। दूसरी ओर यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या ऐसी सामग्री प्रस्तुत करने का तरीका न्यायपालिका की छवि को नुकसान पहुंचा सकता है। सुप्रीम कोर्ट का रुख इस बात को रेखांकित करता है कि संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा सर्वोपरि है। वहीं विपक्षी दलों का आरोप है कि पाठ्यक्रमों में वैचारिक हस्तक्षेप लोकतांत्रिक संतुलन के लिए चिंता का विषय है। अब सबकी नजर 11 मार्च को होने वाली अगली सुनवाई पर है। तब तक राज्यों को अपनी रिपोर्ट दाखिल करनी होगी और एनसीईआरटी तथा शिक्षा मंत्रालय को भी कोर्ट के सवालों का जवाब देना होगा। यह मामला केवल एक अध्याय या एक किताब तक सीमित नहीं है। यह शिक्षा नीति, अकादमिक स्वतंत्रता, तथ्यात्मक प्रस्तुति और संस्थागत सम्मान के बीच संतुलन का प्रश्न बन चुका है। सुप्रीम कोर्ट की जांच और संभावित कमेटी की रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा कि जिम्मेदारी किसकी है और आगे क्या कदम उठाए जाएंगे। फिलहाल, एनसीईआरटी की विवादित किताब पर रोक के साथ यह मामला देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है, जिसमें कानून, राजनीति और शिक्षाकृतीनों के आयाम एक साथ जुड़े नजर आ रहे हैं।

# सम्पादकीय

## राज्यसभा चुनाव के लिए अपने-अपने दांव

जैसा कि यह सर्वविदित है कि राज्यसभा चुनावों का ऐलान हो गया है। जिसको लेकर संबंधित राज्यों में राजनीतिक सरगर्मियां अभी से ही तेज हो गई हैं। मैं नफीस जाफरी आपको यह बात दूं कि होने वाले राज्यसभा चुनावों में जहां भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारें और एनडीए की सरकारें अपने प्रत्याशियों को जीताने के लिए मजबूत स्थिति में हैं, तो वहीं दूसरी ओर विपक्ष की स्थिति उतनी मजबूत नहीं हैं। बात करते हैं बिहार की तो मालूम हो कि बिहार में 5 सीटों पर होने वाले राज्यसभा चुनाव में विपक्षी खेमा अपना उम्मीदवार उतारने की तैयारी में है। इसके लिए पूरे विपक्षी खेमे को एक होना पड़ेगा। पिछले दिनों एआईएमआईएम ने अपना उम्मीदवार उतारने की बात कहकर विपक्षी खेमे, खासकर सबसे बड़े दल आरजेडी की मुश्किल बढ़ाई थी। अब आरजेडी ने एआईएमआईएम की काट ढूंढ ली है। गौरतलब है कि राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि वे चाहते हैं कि हिना शहाब को राज्यसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया जाए। इससे एक तीर से कई निशाने लगेंगे। उनका इशारा एआईएमआईएम की तरफ ही था। यहां यह बतादें कि हिना शहाब दिवंगत पूर्व सांसद शहाबुद्दीन की पत्नी हैं। उनके बेटे ओसामा रघुनाथपुर से राजद के विधायक हैं। विदित हो कि पिछले दिनों एआईएमआईएम ने अपना उम्मीदवार उतारने की बात की थी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल ईमान ने कहा था कि हम चाहते हैं कि हमारा भी नुमाइंदा राज्यसभा में हो। जिस तरह लोकसभा में ओवैसी बोलते हैं, वैसे ही ऊपरी सदन में कोई होना चाहिए। उन्होंने कहा था कि आरजेडी अगर हमारा समर्थन नहीं करता है तो हम भी उनके उम्मीदवार का समर्थन नहीं करेंगे। अख्तरूल ईमान के बयान से यह माना जाने लगा था कि तेजस्वी की पार्टी के लिए अपने उम्मीदवार को राज्यसभा भेजना आसान नहीं होगा। लेकिन अगर राजद किसी अल्पसंख्यक को उम्मीदवार बनाती है तो एआईएमआईएम के लिए मुश्किल होगी। अगर बिहार में राज्यसभा चुनावों के गणित की बात की जाए तो मालूम हो कि राज्यसभा चुनाव में विधायक वोट डालते हैं। बिहार विधानसभा में कुल 243 विधायक हैं। 5 सीटों के लिए एक उम्मीदवार को जीतने के लिए करीब 41 वोटों की जरूरत है। 202 विधायकों के साथ एनडीए का 5 में से कम से कम 4 सीटें जीतना लगभग तय है। पांचवीं सीट के लिए दोनों खेमे विधायकों का समर्थन जुटाने में लगे हैं। एआईएमआईएम के समर्थन के बिना विपक्ष के लिए संख्या जुटाना आसान नहीं होगा। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि इसलिए भाई वीरेंद्र ने हिना शहाब का नाम उछाला है, हालांकि पार्टी ने आधिकारिक रूप से इस पर फैसला नहीं किया है।


नफीस जाफरी

## ए.आई. शिखर सम्मेलन, खुद को बेपर्दा करती कांग्रेस

बलबीर पुंज

कहते हैं 'घर का भेदी लंका ढाए'– आज जब दुनिया भारत को एक उभरती हुई आर्थिक, डिजिटल और कूटनीतिक शक्ति के रूप में देख रही है, तब देश के भीतर का एक राजनीतिक वर्ग जैसे हर राष्ट्रीय उपलब्धि और अपनी जड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने पर आमादा दिखाई देता है। भारत की अर्थव्यवस्था, डिजिटल संरचना और कूटनीतिक सक्रियता में हाल के वर्षों में जो परिवर्तन दिखाई दिया है, उसने वैश्विक स्तर पर देश की भूमिका को नए सिरे से परिभाषित किया है। कृत्रिम बुद्धिमता (ए.आई.) जैसे उभरते क्षेत्रों में नीति–निर्माण और तकनीकी विकास को लेकर भारत की पहल इसी व्यापक परिवर्तन का हिस्सा है। दिल्ली में 16 से 20 फरवरी, 2026 के बीच आयोजित 'ए.आई. इंपैक्ट समिट 2026' इसी क्रम में एक महत्वपूर्ण पड़ाव था, जिसका उद्देश्य केवल तकनीकी सहयोग नहीं, बल्कि ए.आई. के नैतिक और लोकतांत्रिक उपयोग पर वैश्विक सहमति विकसित करना भी था। लेकिन कांग्रेस नेतृत्व, विशेषकर उसके शीर्ष नेता और नेता–प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी और उनसे प्रेरित कार्यकर्त्ताओं ने इस अवसर को भी ओछी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। असहमति और विरोध लोकतंत्र में प्राणवायु हैं, परंतु भारत मंडपम के भीतर युवा कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं द्वारा किया गया 'अर्धनग्न प्रदर्शन' कोई स्वस्थ लोकतांत्रिक मूल्य नहीं, बल्कि राजनीतिक–वैचारिक खीझ के साथ व्यक्तिगत वैमनस्य का भद्दा प्रदर्शन था। स्वयं राहुल गांधी ने अपने आरोपी कार्यकर्त्ताओं को 'बब्बर शेर' कहकर यह स्पष्ट संदेश दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को घेरने के लिए वे इसी तरह देश की साख को दांव पर लगाते रहेंगे। पूरे घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इसे वैचारिक खोखलेपन का प्रतीक बताया है, तो समाजवादी पार्टी सहित कुछ अग्रिम भाजपा–विरोधी दलों ने भी कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं की इस फूहड़ता से दूरी बना ली है। भारत की छवि को धूमिल और कलंकित करने की यह औपनिवेशिक मानसिकता नई नहीं है। वर्ष 1927 में अमरीकी लेखिका कैथरीन मेयो ने अपनी पुस्तक 'मदर इंडिया' में भारतीय समाज में व्याप्त समस्याओं–जातिवाद, बाल–विवाह, स्वच्छता की कमी आदि को इस तरह प्रस्तुत किया कि मानो भारत स्वशासन के योग्य ही नहीं है। लेखिका का मत था कि 'आंतरिक विकृतियों' से ग्रस्त समाज राजनीतिक स्वतंत्रता के लायक नहीं है। उस किताब को गांधीजी ने 'नाली निरीक्षक की रिपोर्ट' कहकर खारिज कर दिया था। गांधीजी का पक्ष था कि समाज की कमियों को भीतर से सुधारा जा सकता है और यह आंतरिक दायित्व है, न कि उन्हें अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उछालकर अपने ही राष्ट्र की साख गिराई जाए। आज विडंबना यह है कि गांधीजी की विरासत पर स्वघोषित दावा करने वाला कांग्रेस नेतृत्व स्वयं उसी औपनिवेशिक मानसिकता से जकड़ा है, जहां राजनीतिक द्वेष में एक घटना को भारत के अपने वैश्विक आयोजन की विफलता का प्रमाण मानकर प्रस्तुत किया जा रहा है। ए.आई. शिखर सम्मेलन में एक निजी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदर्शित 'रोबोटिक डॉग', जोकि वास्तव में चीन निर्मित था और उस शैक्षणिक संस्था ने अपने छात्रों की उपलब्धि के रूप में पेश करके दिखाया था, उसे आधार बनाकर राहुल गांधी ने पूरे आयोजन को 'अव्यवस्थित' और 'तमाशा' करार दे दिया। एक निजी शिक्षण संस्थान, जिसे विवाद पश्चात कार्यक्रम से बाहर कर दिया गया था, उसके अपराध को तथाकथित राष्ट्रीय 'अक्षमता' का प्रतीक बना देना वही मानसिकता है, जो कभी मेयो रूपी औपनिवेशिक शक्तियां भारतीय समाज के विरुद्ध इस्तेमाल करती थीं। अतीत में ऐसे अवसर भी आए, जब राजनीतिक मतभेदों के बावजूद राष्ट्रीय दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी गई। 1994 में जब पाकिस्तान ने कश्मीर मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में उठाने की कोशिश की, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने तबके विपक्षी नेता अटल बिहारी वाजपेयी को भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सौंपा था। राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए उस समय दलगत राजनीति को दरकिनार कर दिया गया और इसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान का प्रस्ताव विफल हो गया। यह उस राजनीतिक परिपक्वता का उदाहरण था, जो आज दुर्लभ होती जा रही है। अब देश के जिस ए.आई. शिखर सम्मेलन में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एमेजॉन, ओपन ए.आई. और एंथ्रोपिक जैसी शीर्ष वैश्विक तकनीकी कंपनियों के शीर्ष अधिकारी उपस्थित थे, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों सहित अनेकों राष्ट्राध्यक्ष शामिल थे, लगभग 90 देशों ने 'नई दिल्ली घोषणा' को स्वीकार किया और 250 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की प्रतिबद्धता जताई गई हो, उसे कांग्रेस ने महज सरकारी 'जनसंपर्क अभियान' बताकर खारिज कर दिया।

## योगी का विदेश दौरा- उत्तर प्रदेश को 'मैन्युफैक्चरिंग हब ऑफ़ इंडिया' बनाने का लक्ष्य


गुलफिशा खान

उत्तर प्रदेश को 'मैन्युफैक्चरिंग हब ऑफ इंडिया' बनाने का लक्ष्य लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बीते सिंगापुर और जापान के चार दिवसीय दौरे पर रवाना हुए। साल 2017 में सीएम बनने के बाद ये योगी आदित्यनाथ का दूसरा विदेश दौरा है। इससे पहले 2017 में सीएम योगी पहली विदेश यात्रा के तौर पर म्यांमार गए थे। जैसा कि उल्लेखनीय है कि दूसरी यात्रा पर वो सिंगापुर और जापान गए। उनका ये दौरा प्रदेश की निवेश कूटनीति और औद्योगिक विस्तार की .ष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सिंगापुर के दौरे पर गए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंडियन डायस्पोरा को संबोधित किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा, इतनी दूर रहकर भी जो अपनी मातृभूमि के प्रति जो लगाव रखता है, हम सब को भी भारत के विकास के लिए अपनी मातृभूमि के लिए कुछ कर गुजरने के लिए नया उत्साह पैदा करता है, आप सभी का अभिनन्दन करता हूं। भारत के बारे 5 हजार वर्ष पहले हमारे ऋषि ने कहा था ,दुर्लभं भारते जन्म, मानुष्यं तत्र दुर्लभम् यानी भारत मे जन्म लेना दुर्लभ है, और उसपर मनुष्य के रूप में जन्म लेना और भी दुर्लभ है। आपको गर्व होगी कि आपने या आपके किसी पूर्वज ने भारत की धरती पर जन्म लिया है, वही रूट आज सिंगापुर में भारत की धरती के प्रति आकर्षित करती है। योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि यह हर भारतीय के लिए गौरव का विषय होना चाहिए, माता और मातृभूमि का कर्ज व्यक्ति के ऊपर हमेशा बना रहता है। जिस धरती पर रहेंगे उस धरती के प्रति पूरी .तज्ञ भाव के साथ अपना दायित्व निर्वहन करते हुए आगे बढ़ेंगे। भारत और सनातन धर्म अकेला दुनिया के अंदर धर्म है जिसने हजारों वर्ष पहले इस बात का उद्घोष किया था– यानी धरती ग्लोबल विलेज की परिकल्पना यह भले ही आज की होगी, लेकिन पूरी दुनिया एक परिवार है और परिवार के रूप में जैसे एक परिवार में अलग–अलग उम्र के सदस्य होते हैं, अलग–अलग समुदाय से आने वाले सदस्य भी होते हैं, अलग–अलग इनकम भी उनकी होती है, लेकिन भेदभाव किसी के साथ नहीं होता, सब मिलकर के उस परिवार का संचालन करते हैं और यह भाव भारतीय का रहा है, हर भारतवासी का रहा है और भारत उसी .ष्टि से दुनिया के अंदर आज भी दुनिया के प्रति वही भाव रखता है..योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि जिसके बारे में हमारे प्रधानमंत्री कहते हैं सबका साथ, सबका विकास, विकास कोई समुदाय तब करता है जब सामूहिकता का भाव होता है, उस धरती के



प्रति हमारे मन में एक .तज्ञता का भाव होता है। हर एक व्यक्ति का कुछ न कुछ योगदान तो होता है और उसी भाव को हम सब मिलकर के कर रहे हैं। आज हम सबको इस बात पर गर्व की अनुभूति होती है कि नया भारत आज दुनिया के अंदर अपनी ताकत दिखा रहा है। नए भारत पर हर भारतवासी को गर्व की अनुभूति होनी चाहिए और वह नया भारत जो बहुत शीघ्र दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में अपने आप को स्थापित करेगा। योगी ने सिंगापुर में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विजनरी लीडरशिप में भारत आज दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो रहा है, वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ। आज भारत ने प्रत्येक क्षेत्र में एक नई ऊंचाइयां प्राप्त की हैं.. योगी ने आगे कहा कि कोई सोच सकता है आज से 11 वर्ष पहले कोई भारत के बारे में सोचता था कि क्या भारत डिजिटल इंडिया की बात करेगा? क्या भारत स्टार्टअप इकोसिस्टम के बारे में कोई चर्चा को आगे बढ़ाएगा? क्या भारत स्टैंडअप कल्चर को आगे बढ़ा पाएगा? लेकिन आज ये भारत के अंदर न केवल है, बल्कि भारत ने उसको करके दिखाया भी है... लेकिन अभी आपने भारत के दिल्ली में आयोजित ग्लोबल एआई इंपैक्ट समिट के आयोजन को देखा होगा, 20 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष इस समिट में भागीदार बने थे...100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि इस समिट में भागीदार बने थे और दुनिया के जो विकसित देश हैं, उनके राष्ट्राध्यक्षों ने, तमाम उन राष्ट्राध्यक्षों ने प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में नए भारत के द्वारा न केवल 140 करोड़ के भारत के लिए बल्कि वैश्विक व्यवस्था के हित के लिए जो कदम उठाए जा रहे हैं, उन सब की उन्होंने मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। सबने भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी के डिजिटल इंडिया विजन के प्रति सबने उसकी ताकत को महसूस किया है, कितना बड़ा प्रभाव पड़ता है। योगी ने सिंगापुर में यूपी के विकास के बारे में भी बात की. उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज से 9 वर्ष पहले क्या था? अव्यवस्था की स्थिति क्या थी? दंगे, असुरक्षा, अव्यवस्था, अराजकता... वहां की पहचान बन गई थी और पिछले 9 वर्ष के अंदर प्रधानमंत्री मोदी के विजनरी लीडरशिप में आज आपने देखा होगा उत्तर प्रदेश जो भारत की आत्मा का प्रदेश है, आज वह उत्तर प्रदेश उस विजन को जमीनी धरातल पर उतार रहा है...विरासत और विकास का एक अद्भुत संगम यूपी में देखने को आपको मिलता होगा। अयोध्या में जब हम श्री राम जन्मभूमि पर भगवान श्री राम के भव्य राम मंदिर के निर्माण की बात करते हैं, तो ये केवल राम मंदिर नहीं, ये भारत की मर्यादा का एहसास भी हर भारतवासी को कराता है. ..जब हम काशी में काशी विश्वनाथ धाम की बात करते हैं, तो यह काशी विश्वनाथ धाम एक केवल अपनी विरासत को पुनर्स्थापना करने का ही कार्य नहीं, बल्कि काशी में काशी विश्वनाथ धाम भारत की शाश्वत चेतना का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता है। जब हम मथुरा वृंदावन की बात करते हैं, तो मथुरा वृंदावन .ष्ण की लीला का ही माध्यम नहीं, भारत की भक्ति का प्रतीक भी बनता है। दुनिया के अंदर भक्ति कैसे होती है, उसका भाव देखना है तो मथुरा वृंदावन की भूमि उसका प्रतीक बनती हुई दिखाई देती है, और समरसता कैसे होती है। सिंगापुर में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ पर भी बात की। उन्होंने कहा– जो लोग भारत पर यह आरोप लगाते हैं कि भारत में भेदभाव होता है, लोग आपस में बटे हुए हैं, उन्हें भारत में प्रयागराज की धरती में समरसता के दर्शन करने चाहिए जब महाकुंभ में 66 करोड़ श्रद्धालु एक साथ एक संगम में आस्था की डुबकी लगाते हैं, न कोई छोटा है न कोई बड़ा, न बुजुर्ग है न जवान, सभी लोग मिलकर के हर–हर गंगे का आह्वान करते हुए सर्दी की परवाह के बगैर जब टेंपरेचर माइनस में जाता है, तब वह गंगा यमुना के बर्फीले उस गंगा जल में आस्था की डुबकी लगा करके अपनी आस्था के माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत की परकल्पना को साकार करता हुआ दिखाई देता है, और यही तो भारत है।

## कांग्रेस का "शर्टलेस प्रदर्शन", सहयोगी दलों ने ही उठाए सवाल


शबाब हुसैन

राजधानी में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में यूथ कांग्रेस के नेताओं के कमीज उतारकर प्रदर्शन पर राजनीतिक बवाल के बीच दिल्ली पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। दिल्ली पुलिस ने दावा किया कि भारत मंडपम में किया गया प्रदर्शन नेपाल के हिसंक जेन–जीआंदोलन से प्रेरित था। अब पुलिस इस प्रदर्शन के पीछे फंडिंग का सुराग खोजने में भी जुट गई है। बता दें कि नेपाल में पिछले साल जेन–जी ने विद्रोह कर दिया था। युवाओं के इस आंदोलन के दौरान काफी हिंसा हुई थी और केपी शर्मा ओली सरकार को बेदखल कर दिया गया था। दिल्ली पुलिस का कहना है कि नेपाल के इसी प्रदर्शन से प्रेरित होकर एआई समिट में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शर्ट उतारकर प्रदर्शन किया था। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में इंडियन यूथ कांग्रेस के "शर्टलेस प्रदर्शन" पर विपक्षी गठबंधन इंडिया के भीतर ही विवाद खड़ा हो गया है। यूथ कांग्रेस की इस हरकत की आलोचना उसके दो प्रमुख सहयोगियों समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल ने खुलकर की है, जिससे कांग्रेस राजनीतिक रूप से घिर गई है। घटना बीते शुक्रवार की है, जब युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान मंच के भीतर ही टी–शर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन किया। इन टी–शर्ट्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाते संदेश लिखे थे। विरोध का उद्देश्य सरकार के कथित "समझौता किए गए निर्णयों" और पारदर्शिता के अभाव को लेकर सवाल उठाना बताया गया। लेकिन यह प्रदर्शन तभी से राजनीतिक विवाद में बदल गया, जब विदेशी प्रतिनिधियों के सामने ऐसे विरोध को लेकर तमाम





पार्टियों ने आपत्तियां उठाईं सबसे पहले कांग्रेस के सहयोगी ही सामने आ गए। समाजवादी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने झांसी में पत्रकारों से कहा कि यह प्रदर्शन देश की छवि को ठेस पर पहुंचाने वाला था। उन्होंने कहा, "हमारे और कांग्रेस के बीच मतभेद हो सकते हैं, भाजपा झूठ बोलती है यह भी देश जानता है। लेकिन विदेशी प्रतिनिधियों के सामने इस तरह का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए था। इससे देश की छवि को ठेस पहुंचती हैं। इंडिया गठबंधन के दूसरे प्रमुख सहयोगी राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने भी यूथ कांग्रेस की रणनीति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मुद्दे वास्तविक हैं, शिकायतें भी हैं, लेकिन "जगह और तरीका बेहतर हो सकता था।" झा ने कहा, "मैंने कल भी कहा था और आज भी कह रहा हूँ मुद्दे मौजूद हैं, कुछ अस्पष्ट सौदों को लेकर सवाल हैं, फाइलों पर संशय है, किसानों की चिंता भी वास्तविक है। लेकिन किसी भी आंदोलन में जिम्मेदारी ज़रूरी होती है। भाजपा ने भी पहले ऐसे काम किए हैं, पर वह भी गलत था. सवाल यह है कि क्या और बेहतर तरीका नहीं चुना जा सकता था?"टीएमसी नेता बाबुल सुप्रियो ने भी कांग्रेस की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि एआई समिट में इंडियन यूथ कांग्रेस के सदस्यों द्वारा किया गया शर्टलेस प्रदर्शन बेहद खराब निर्णय को दर्शाता है। अंतरराष्ट्रीय नेताओं और वैश्विक व्यापार जगत के दिग्गजों की मौजूदगी वाले मंच पर इस तरह का व्यवहार हमारे राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के बारे में गलत संदेश देता है। लोकतंत्र विरोध का अधिकार देता है, लेकिन इसके साथ ज़िम्मेदारी की भी मांग करता है। जब हम विश्व के सामने भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं, तो राजनीतिक नौटंकी के बजाय परिपक्वता और संयम दिखना चाहिए। राजनीतिक मतभेद कितने भी गहरे क्यों न हों, लेकिन वे कभी भी देश की गरिमा और सम्मान की कीमत पर नहीं होने चाहिए। "इस बीच भाजपा ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया दी। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने यूथ कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह "भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर बदनाम करने" की कोशिश है। उन्होंने कहा, "क्या वे मोदी–विरोधी हैं या अब भारत–विरोधी हो गए हैं? कांग्रेस लोकतंत्र के मानदंडों का उल्लंघन कर रही है। राहुल गांधी मोदी का विरोध करते–करते अब भारत का विरोध करने लगे हैं। "दूसरी तरफ कांग्रेस नेताओं ने यूथ कांग्रेस के कदम का बचाव किया, यह कहते हुए कि देश में संवाद और लोकतांत्रिक विरोध की गुंजाइश कम होती जा रही है, इसलिए युवा आवाज़ उठा रहे हैं। हालांकि, घटना के बाद गठबंधन में तनाव साफ झलक रहा है। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश और बिहार में, जहां सपा और राजद कांग्रेस के प्रमुख सहयोगी हैं, वहां से मिली आलोचना कांग्रेस की रणनीति और एकजुटता पर सवाल खड़े करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह विवाद इंडिया ब्लॉक की सामंजस्य क्षमता और विपक्ष की एकता की अग्नि परीक्षा साबित हो सकता है।

## वैश्विक अर्थव्यवस्था में अविश्वास बढ़ रहा

अजीत द्विवेदी

चौतरफा अविश्वास बढ़ रहा है। नियम आधारित पुरानी विश्व व्यवस्था बिखर गई है। दुनिया के किसी भी देश को दूसरे देश पर या देशों के किसी भी समूह को दूसरे समूह पर भरोसा नहीं रह गया है। जब अमेरिका और यूरोप के बीच अविश्वास बढ़ गया तो बाकी देशों के बारे में क्या कहा जाए! इसी तरह वैश्विक अर्थव्यवस्था में अविश्वास बढ़ रहा है। दुनिया की अर्थव्यवस्था आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में निवेश और उसके बाजार में आए उछाल से चलती दिख रही है। इसने सॉफ्टवेयर और आईटी आधारित सेवाओं के उद्योग को लगभग ध्वस्त कर दिया है। जब से एआई कंपनी एंथ्रोपिक की ओर से कहा गया कि उसके ऑटोमेटेड ऑफिस सूट से सॉफ्टवेयर और दूसरे ऑपरेटिंग सिस्टम्स की जरुरत ही खत्म हो जाएगी तब से आईटी कंपनियों की हालत खराब है। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ ने भी कहा है कि अगले डेढ़ से दो साल में सारे व्हाइट कॉलर जॉब्स एआई के जरिए ऑटोमेटेड हो जाएंगे। हालांकि इसके बावजूद चिप बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी और दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी एनवीडिया के निवेशक अपने पैसे निकाल रहे हैं। सॉफ्टबैंक से लेकर पीटर थील तक ने पैसे निकाले हैं तो यह भी खबर है कि कंपनी के सीईओ से लेकर दूसरे अहम लोग भी अपने शेयर बेच रहे हैं। यह अविश्वास पूरी अर्थव्यवस्था को अपने चपेट में ले सकता है। वैश्विक भू राजनीतिक और आर्थिक अविश्वास के माहौल में सबसे चिंता की स्थिति भारत में दिख रही है, जहां राजनीतिक और सामाजिक विभाजन दिन प्रतिदिन गहरा होता जा रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर कुछ कहने की जरुरत नहीं है। यह उपभोग आधारित है तो डेढ़ सौ करोड़ लोगों की अर्थव्यवस्था चलती ही रहेगी और जिस रफ्तार से बढ़ रही है उस रफ्तार से बढ़ती रहेगी। लेकिन सामाजिक और राजनीतिक विभाजन, अविश्वास देश के सामने बड़ा खतरा बन कर आया है। देश की राजनीति में कभी भी ऐसी स्थिति नहीं रही थी कि सत्तारूढ़ और विपक्षी पार्टियों के बीच एक दूसरे के प्रति नफरत का भाव हो। अब पार्टियों के बीच निजी दुश्मनी हो गई है। संसद और राज्यों की विधानसभाओं में पार्टियों के नेता एक दूसरे से दुआ सलाम करने से घबरा रहे हैं कि कहीं उनके शीर्ष नेता ने देख लिया या पता चल गया तो उसके नंबर कट जाएंगे। अगर पहले सामाजिक विभाजन की बात करें तो इतने गहरे विभाजन की शुरुआत 80 बनाम 20 की राजनीति से हुई थी और यूजीसी के नियमों से अंतिम मुकाम तक पहुंची है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भले श्सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास्य की बात कही लेकिन उनकी पार्टी की नीतियों और नेताओं के बयानों से यह संदेश गया कि भाजपा को 20 फीसदी अल्पसंख्यकों, जिनमें मुस्लिम, सिख और ईसाई तीनों शामिल हैं उनके वोट नहीं चाहिए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तो खुल कर 80 और 20 की बात कही। उन्होंने बंटोंगे तो कटोगे का नारा दिया। प्रधानमंत्री ने भले ऐसा कोई नारा नहीं दिया लेकिन जब भाजपा ने लोकसभा चुनाव में एक भी मुस्लिम को टिकट नहीं दिया और एक भी मुस्लिम को मंत्री नहीं बनाया गया तो बिना कहे यह सिद्धांत स्थापित हुआ। मुसलमानों को अलग थलग करने की जो राजनीति शुरू हुई थी उसमें राज्यवार दूसरी चीजें जुड़ती गईं। बिहार और उत्तर प्रदेश में मुस्लिम के साथ साथ यादव को अलग थलग किया गया। हरियाणा में जाट को, महाराष्ट्र में मराठों को, झारखंड में आदिवासियों को अलग थलग किया गया। कहीं गैर यादव पिछड़ी व अन्य जातियों का समीकरण बनाया गया तो कहीं गैर मराठा तो कहीं गैर आदिवासी का समीकरण बनाया गया। अब इस विभाजनकारी राजनीति का अगला मुकाम सामान्य जातियों को अलग थलग करने का है। उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव खत्म करने के लिए यूजीसी की ओर से जो नियम लाए गए हैं, जिनको भेदभावकारी बता कर सुप्रीम कोर्ट ने रोक दिया है, वो इसी प्रयोग का हिस्सा हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेता और उसकी सरकार के मंत्री अब खुल कर कह रहे हैं कि वे देश के गरीबों, पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के लिए काम कर रहे हैं। सरकार की पूरी स्कीम ऑफ थिंग्स में से सामान्य जातियों को बाहर कर दिया गया है। इससे सामाजिक स्तर पर इतना अविश्वास बढ़ा है कि जाति पूछ कर यूनिवर्सिटी कैम्पस में छात्रों पर हमले हो रहे हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी के कैम्पस में एक ब्राह्मण पत्रकार की जाति पूछ कर उसके ऊपर हमला किया गया। विपक्ष खास कर राहुल गांधी की बहुजन राजनीति से घबरा कर भाजपा ने यह प्रयोग किया। उसको लग रहा है कि सामान्य जातियां उसको बाई डिफॉल्ट वोट देंगी। लेकिन अब यह वोट का मामला नहीं रह गया है। जहां तक गहरे राजनीतिक विभाजन की बात है तो इसकी शुरुआत श्कांग्रेस मुक्त भारत्य के नारे से हुई थी। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने यह नारा दिया था। उसके बाद से भाजपा, उसकी सरकार, उसका पूरा इकोसिस्टम और मीडिया व सोशल मीडिया का पूरा तंत्र इस काम में लग गया कि किस तरह से कांग्रेस शासन की पूरी विरासत को मिटाया जाए, कैसे उसके नेताओं की साख खराब की जाए, कैसे उसे कमजोर किया जाए और कैसे उसे चुनाव हराया जाए। इसके बाद भाजपा ने यह प्रचार शुरू किया कि सिर्फ वही एक अच्छी पार्टी है बाकी पार्टियां भ्रष्ट, परिवारवादी और राष्ट्रविरोधी हैं। चुनाव के समय पहले भी पार्टियां एक दूसरे के खिलाफ आरोप लगाती थीं। लेकिन भाजपा ने इसे रोजमर्रा का काम बना दिया। 24 घंटे और 365 दिन भाजपा की मशीनरी इस काम में लग गई। पहले तो पार्टियां, नेता और आम लोग भी इसे आश्चर्य की नजर से देखते रहे लेकिन फिर यह मुख्यधारा का राजनीतिक काम बन गया कि एक दूसरे के खिलाफ निरंतर दुष्प्रचार चले। अब विपक्षी पार्टियों की सरकारों के नीतिगत फैसलों और नेताओं के निजी चरित्र को लेकर लगातार आलोचना चलती रहती है। लगातार 12 साल प्रधानमंत्री रहने के बाद भी नरेंद्र मोदी कांग्रेस की पहले की सरकारों और नेताओं की कमियां बता कर वोट मांगते हैं। संसद में खड़े होकर भाजपा के सांसद कांग्रेस के पुराने नेताओं और पूर्व प्रधानमंत्रियों को श्गद्दारस्य और श्अय्याशय्य बोलते हैं। विपक्ष के मौजूदा नेतृत्व को श्पप्पूय, श्टुकड़े टुकड़े गैंगय, श्देश विरोधीय, श्सनातन विरोधीय, श्टोंटी चोरय, श्चारा चोरय आदि कहा जाता है। जवाब में दूसरी तरफ से भी सत्तापक्ष के नेताओं के लिए इसी तरह के विशेषणों का प्रयोग होने लगा है। श्तड़ीपारय और श्चौकीदार चोर हैय से शुरू हुआ प्रचार श्कॉरपोरेट के नौकरय, श्देश बेचने वालेय और श्ट्रंप के गुलामय तक पहुंच गया है। ऐसा नहीं है कि नेता इसे राजनीतिक बयानबाजी भर मान रहे हैं। वे इसे सच मानते हैं और उनके निजी संबंध भी इसी से निर्धारित हो रहे हैं। चूंकि सभी पार्टियों के नेता खास कर भाजपा में ज्यादातर नेता बिना राजनीतिक आधार वाले हैं इसलिए वे अपने पार्टी नेतृत्व की ओर से कही गई बात को ब्राह्म वाक्य मान कर दोहराते रहते हैं। सभी नेताओं का एकमात्र काम अपने नेतृत्व को खुश करना हो गया है। इसके लिए वे विरोधी नेताओं के बारे में अनाप शनाप बोलते रहते हैं। उनके बीच इस बात का कंपीटिशन है कि विरोधी नेता के लिए कौन ज्यादा अपमानजनक बात कह सकता है। अपने विरोधी नेताओं के प्रति अपमान का भाव ही भारतीय राजनीति की पहचान बन गई है।

# गंगानहर में गिरी बोलेरो, दो की मौत चार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। ऋषिकेश से नजीबाबाद में शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे छह लोग बुधवार देर रात दर्दनाक हादसे का शिकार हो गए। करीब 1.15 बजे उनकी बोलेरो कार अनियंत्रित होकर गंगनहर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नहर में जा गिरी। हादसे में बोलेरो सवार 35 वर्षीय सतीश पुत्र चरणदास और 30 वर्षीय सचिन पुत्र सत्य की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 25 वर्षीय विशाल पुत्र कालीचरण, 28 वर्षीय मोहित पुत्र राजू, 35 वर्षीय विशाल पुत्र सुनील और 30 वर्षीय अंकित गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक और घायल सभी मुनि की रेती, टिहरी गढ़वाल के निवासी बताए जा रहे हैं। घायलों को सीएचसी समीपुर में प्राथमिक उपचार देने के बाद एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया। सूचना मिलते ही सीओ नितेश प्रताप सिंह और थाना प्रभारी राहुल सिंह मौके पर पहुंचे तथा राहत व बचाव कार्य कराया।

# बिना अनुमति धार्मिक स्थल निर्माण पर कार्रवाई

## – 8 नामजद समेत 15 पर रिपोर्ट दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। नांगलसोती थाना प्रभारी अमर सिंह राठौड़ ने बताया कि मंगलवार को पुलिस टीम को सूचना मिली कि गांव दहीरपुर के बाहरी छोर पर एक स्थान पर नमाज अदा की जा रही है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि एक मकान निर्माण स्थल के पास तीन ओर से बाउंड्री कर तिरपाल डालकर अस्थायी ढांचा तैयार किया गया था, जहां से कुछ लोग नमाज पढ़कर बाहर निकलते दिखाई दिए। पुलिस के अनुसार स्थानीय लोगों से पूछताछ में सामने आया कि उक्त स्थान पर आगे चलकर धार्मिक स्थल बनाने की तैयारी की जा रही थी। जब निर्माण संबंधी अनुमति के दस्तावेज मांगे गए तो कोई वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं की जा सकी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर खड़ी की गई दीवारों और अस्थायी निर्माण को हटवा दिया। बिना अनुमति धार्मिक स्थल बनाने के प्रयास के आरोप में पुलिस ने 8 नामजद समेत कुल 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी अमर सिंह राठौड़ ने बताया कि ग्रामीणों से बातचीत के बाद संबंधित भूमि से तिरपाल और निर्माण सामग्री हटा ली गई है।

# नाली के पास मिला किसान का शव, पोस्टमार्टम में डूबने से मौत की पुष्टि

न्यूज वाणी ब्यूरो

नहटौर, बिजनौर। संजय कुमार मंगलवार शाम करीब चार बजे अपने खेत पर खाद डालने और पानी देने के लिए गए थे। देर शाम तक घर वापस न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। जब परिजन खेत पर पहुंचे तो उनकी बाइक लॉक लगी खड़ी मिली और पास में जूते व अन्य सामान रखा था, लेकिन संजय कुमार का कोई पता नहीं चला। परिजनों ने आवाज लगाई, मगर कोई जवाब नहीं मिला, जिसके बाद ग्रामीणों को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने काफी देर तक खेतों में तलाश की। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची और ग्रामीणों की मदद से दोबारा खोजबीन शुरू की गई। रात करीब 11 बजे संजय कुमार का शव खेत की नाली के पास पड़ा मिला। सूचना पर सीओ अभय कुमार पांडे मौके पर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। बुधवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो माहौल गमगीन हो गया। परिजनों ने गंगा बैराज पर अंतिम संस्कार कर दिया। अपराध निरीक्षक विपिन चौधरी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किसान की मौत फेफड़ों में पानी जाने से होने की पुष्टि हुई है।

# अवैध असलहा सहित अभियुक्त गिरफ्तार



न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा होली के त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के . ष्टिगत जनपद में अवैध शस्त्रों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में थाना नसीरपुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त सोनू उर्फ विकास उर्फ शिवनाथ पुत्र महेशचन्द्र निवासी ग्राम पुनच्छा थाना नसीरपुर को मय एक अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे फतेहपुर कर्खा अण्डरपास से गिरतार किया गया। जिसके सम्बंध में थाना नसीरपुर पर मु0अ0सं0–38/26 धारा 3/25 आर्मस एक्ट पंजी.त किया गया।


## आवश्यक सूचना

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित होली विशेष रेलगाड़ियों के संचालन एवं अवधि में विस्तार का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:-

**गाड़ी संख्या 04088/04087 नई दिल्ली-पटना जं.-नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी**

| 04088 नई दिल्ली-पटना जंक्शन | | | 04087 पटना जंक्शन-नई दिल्ली | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:30 | नई दिल्ली | 09:10 | ----- |
| 18:28 | 18:30 | टुण्डला जंक्शन | 01:25 | 01:27 |
| 22:55 | 23:00 | गोविन्दपुरी | 22:35 | 22:40 |
| 01:55 | 02:00 | सूबेदारगंज | 19:50 | 19:55 |
| 10:45 | ---- | पटना जंक्शन | ---- | 12:05 |

- **नई दिल्ली से** - गाड़ी संख्या 04088 दिनांक 27.02.2026 से 03.03.2026
- **पटना जंक्शन से** - गाड़ी संख्या 04087 दिनांक 28.02.2026 से 04.03.2026

**गाड़ी संरचना :** स्लीपर श्रेणी - 05, सामान्य श्रेणी - 10, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी - 04

**रेलगाड़ी के संचालन अवधि में विस्तार**

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | स्टेशन तक | विस्तारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 04056 | आनन्द विहार टर्मिनल | बलिया | 04.03.2026 से 25.03.2026 |
| 04055 | बलिया | आनन्द विहार टर्मिनल | 05.03.2026 से 26.03.2026 |

**नोट :** उपरोक्त रेलगाड़ी अपने पूर्व निर्धारित, दिन, समय, मार्ग, ठहराव एवं संरचना के अनुसार चलेगी।

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन न0 139 या Railmadad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | 447/26 (C)


# मवेशियों से लदा पिकअप पीपा पुल टूटा बड़ा हादसा होते-होते बचा

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। तहसील सेवराई गहमर कोतवाली क्षेत्र के बारा फिरोजपुर पीपा पुल पर गुरुवार की सुबह एक भीषण हादसा होते–होते बच गया। जहां फिरोजपुर की तरफ से आ रही मवेशियों से लदी पिकअप पुलिया का लकड़ी टूट जाने के कारण उसमें फंसकर लुढ़क गई यह संजोग रहा की रेलिंग में फंसने के कारण पिकअप गंगा में नहीं समाया। घटना के बाद पीपा पुल से आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। पीपा पुल से लोगो के आने जाने पर रोक लगा दी गई है। उधर घटना के सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस पिकअप को निकलवाने के साथ ही पुल को दुरुस्त करने की कवायद में जुट गई है। प्रत्यक्ष विद्यार्थियों के अनुसार बारा फिरोजपुर पीपा पुल से एक मवेशियों से लदी पिकअप



पंजीकरण संख्या यूपी 61 बीटी 0997 गुरुवार की सुबह फिरोजपुर की तरफ से आ रही थी यह अभी पीपा पुल पर थी ही की तभी अचानक पीपा पुल का लकड़ी टूट गया जिसे पिकअप रेलिंग से टकराते हुए गंगा में लुढ़क गई। शोर शराबा सुनकर लोग मौके पर पहुंचे तब तक चालक मौके से फरार हो चुका था पिकअप को पीले तिरपाल से इस कदर बांधा गया था कि दूर से देखने पर उसमें मवेशियों के होने की आभास भी नहीं हो सकता, लोगों द्वारा यह कयास लगाया जा रहा है कि पशु तस्करों के द्वारा मवेशियों को पिकअप पर लादकर बिहार में तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। जिससे भागने के चक्कर मे यह हादसा हो गया। वही मवेशियों के तस्करी के मामले में लोगों ने पुलिस के कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। गहमर कोतवाल प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामला भांवरकोल से जुड़ा हुआ है इसलिए इसमें हम कुछ नहीं कर सकते। इस संबंध में मोहम्मदाबाद को सुधाकर पांडेय ने बताया कि गोवंश दादा पिकअप पीपा पुल पर भागने के चक्कर में फंसा हुआ है मामले में अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। वही इस संबंध में पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन संतोष कुमार वैष्णवी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जल्द ही मरम्मत कर करते हुए आवागमन सुचारु कराया जाएगा।

# दो बाइकों की भीषण भिड़ंत, एक की मौत

## - परिजनों ने अस्पताल पर लगाया लापरवाही का गंभीर आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

थानगांव, सीतापुर। जनपद के थाना थानगांव क्षेत्र के अंतर्गत



रेतीपुरवा के पास गुरुवार दोपहर एक हृदयविदारक सड़क हादसा हो गया। दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई आमने–सामने की जोरदार टक्कर में एक युवक की जान चली गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। इस घटना ने न केवल एक परिवार का चिराग बुझा दिया, बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की संवेदनहीनता पर भी बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार संवलिया गांव निवासी दिलीप (पुत्र रामनरेश) अपनी बाइक से जा रहे थे, तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में इलाज के दौरान दिलीप की मृत्यु हो गई, जिसके बाद परिजनों का धैर्य जवाब दे गया। मृतक की मां मीना देवी ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही के संगीन आरोप लगाए हैं। परिजनों का दावा है कि डॉक्टर ने काफी समय तक उपचार शुरू ही नहीं किया। जरूरी दवाएं अस्पताल में मौजूद नहीं थीं, जिसके लिए परिजनों को बाहर से 1000 खर्च कर दवाएं लानी पड़ीं। इमरजेंसी के समय एम्बुलेंस न मिलने को लेकर भी परिजनों ने नाराजगी जाहिर की। विधायक ज्ञान तिवारी ने लिया संज्ञान, जांच के आदेश घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बिलखते परिजनों को ढांढस बंधाया और मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मुख्य चिकित्साधिकारी से फोन पर बात की। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर की कार्यशैली की जांच होनी चाहिए। यदि इलाज में ढिलाई या दवाओं की कमी के कारण किसी की जान गई है, तो दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। ज्ञान तिवारी, विधायक पुलिसिया कार्रवाई पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है और परिजनों से तहरीर मिलने के आधार पर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# 2011 से पूर्व नियुक्तशिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जिले के हजारों शिक्षकों ने गुरुवार को सड़कों पर उतरकर अपनी मांगों के समर्थन में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। वर्ष 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य किए जाने के हालिया घटनाक्रम को शिक्षकों ने अन्यायपूर्ण करार दिया है। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर हुए इस प्रदर्शन ने प्रशासन की नींद उड़ा दी। कार्यालय पर धरना और नारेबाजी गुरुवार सुबह से ही जिले भर के शिक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर जुटने लगे। हाथों में तख्तियां लिए शिक्षकों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का स्पष्ट कहना था कि दशकों से सेवा दे रहे अनुभवी शिक्षकों पर अब परीक्षा का दबाव बनाना उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला और पुरानी नियुक्तियां जिलाध्यक्ष रविंद्र कुमार दीक्षित ने विरोध का मुख्य कारण स्पष्ट करते हुए कहा कि नियम की दुहाई उत्तर प्रदेश में आरटीई एक्ट 2009 को 27 जुलाई 2011 से लागू किया गया था। तब यह स्पष्ट था कि इससे पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर 2025 के निर्णय के बाद अब पुराने शिक्षकों के लिए भी सेवा में बने रहने और पदोन्नति हेतु टीईटी अनिवार्य कर दिया गया है। वर्षों से शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षकों का मानना है कि इस उम्र में परीक्षा की अनिवार्यता उनके करियर और सम्मान पर चोट है। हम वर्षों से पूरी निष्ठा के साथ शिक्षा विभाग की सेवा कर रहे हैं। नियम लागू होने से पहले की नियुक्तियों पर नई शर्तें थोपना सरासर गलत है। शिक्षक प्रतिनिधि पीएम मोदी को भेजा ज्ञापन, अध्यादेश की मांग शिक्षकों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन प्रेषित किया। उनकी प्रमुख मांगें निम्नलिखित हैं अध्यादेश केंद्र सरकार तुरंत अध्यादेश लाकर 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को ज्म्ज से स्थायी छूट प्रदान करे। संसद के माध्यम से कानून पारित कर कार्यरत शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा की जाए। सरकार अनुभव को प्राथमिकता देते हुए मानवीय आधार पर फैसला ले। कलेक्ट्रेट में नायब तहसीलदार महेंद्र तिवारी ने शिक्षकों का ज्ञापन स्वीकार किया और इसे उचित माध्यम से शासन तक पहुँचाने का आश्वासन दिया। आंदोलन तेज करने की चेतावनी प्रदर्शनकारियों ने दो टूक शब्दों में कहा कि यह लड़ाई केवल सीतापुर की नहीं, बल्कि देश भर के शिक्षकों के सम्मान की है। यदि सरकार ने शीघ्र ही अध्यादेश लाकर राहत प्रदान नहीं की, तो शिक्षक संगठन अपने आंदोलन को और भी उग्र रूप देने के लिए बाध्य होंगे।

# सफेदपोशों की जल-डकैती, हिंद हॉस्पिटल के रसूख तले दम तोड़ती नहर

## - क्या अन्नदाता को बंजर जमीन पर खुदकुशी के लिए धकेल रहा प्रशासन?

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया, सीतापुर। प्रदेश की योगी सरकार एक तरफ भ्रष्टाचार पर बुलडोजर और किसानों की खुशहालीश का डंका पीट रही है, वहीं अटरिया में हिंद हॉस्पिटल का प्रबंधन खुलेआम सरकारी सिस्टम और कुदरत के नियमों को ठेंगा दिखा रहा है। सत्ता और पैसे की हनक में चूर अस्पताल प्रबंधन ने टिकौली माइनर (नहर) का गला घोंटकर हजारों किसानों के हलक पर पैर रख दिया है। यह सिर्फ एक तकनीकी रुकावट नहीं, बल्कि सिधौली विकास खंड के हजारों अन्नदाताओं के खिलाफ रचा गया एक आर्थिक नरसंहार है। हिंद हॉस्पिटल ने अपनी बाउंड्रीवॉल को सुरक्षित करने के लिए नहर के प्रा.तिक प्रवाह पर लोहे की मोटी–मोटी जालियां लगा दी हैं। इन जालियों में कचरा और सिल्ट फंसने के कारण नहर का पानी आगे बढ़ना बंद हो गया है। गुलरिया, कबरन, हीरपुर, रघुनाथपुर और मंदनापुर। इन गांवों के खेतों तक पानी की एक बूंद नहीं पहुँच रही। नहर के टेल (अंतिम छोर) पर बैठा किसान आज अपनी फटी हुई जमीन और मुरझाती फसल को देखकर खून के आंसू रो रहा है। पहले प्यासा मारो, फिर कौड़ियों के भाव जमीन हड़पोस्थानीय ग्रामीणों का आरोप किसी हॉरर फिल्म की पटकथा से कम नहीं है। चर्चा है कि यह सब एक सोची–समझी रणनीति के तहत किया जा रहा है। अस्पताल का साम्राज्य विस्तार करने के लिए पहले किसानों को पानी के लिए तरसाया जा रहा है, ताकि फसलें बर्बाद हों और आर्थिक रूप से टूट चुका किसान मजबूर होकर अपनी कीमती जमीन अस्पताल के सफेदपोश आकाओं को कौड़ियों के भाव बेच दे। साहब, ये अस्पताल नहीं है, ये किसानों को निगलने वाला अजगर है। पहले नहर का रास्ता बदला गया और अब पानी पर ही पहरा बैठा दिया गया है। क्या सरकारी नक्शे अब प्राइवेट अस्पतालों की तिजोरियों से तय होंगे? अटरिया में यह सवाल हवा में तैर रहा है कि क्या सिंचाई विभाग के नियम सिर्फ गरीब किसान की झोपड़ी ढहाने के लिए हैं? अगर नहर की पटरी पर एक ईंट भी रख दे, तो अमला पुलिस लेकर पहुंच जाता है।यहाँ नहर का गला घोंटा गया, प्रवाह मोड़ा गया और लोहे के जाल बिछाए गए, लेकिन विभाग को सांप सूंघ गया है। क्या सिंचाई विभाग के अधिकारी सरकार से नहीं, बल्कि हिंद अस्पताल के प्रबंधन से वेतन पा रहे हैं? आखिर क्यों जिले के आला अधिकारी इस खुली डकैती पर धृतराष्ट्र बने बैठे हैं?

# महिला ने फांसी लगाकर दे दी अपनी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

तंबौर, सीतापुर। घरेलू कलह से तंग आकर वृद्ध महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम नबीनगर निवासी दुलारा पत्नी दूबर 60 वर्ष के घर में लड़कों के मध्य बंटवारा विवाद आये दिन होता रहता था। बुधवार करीब दोपहर को घर मे फिर विवाद होने लगा जिससे तंग आकर वृद्ध महिला ने गांव के बाहर डल्लापुरवा स्थित आम की बाग में पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है।

# त्योहारों को लेकर थाना तंबौर में हुई पीस कमेटी की बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

तंबौर, सीतापुर। होली व रमजान में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए गुरुवार थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक में उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, क्षेत्राधिकारी लहरपुर एवं थाना प्रभारी ब्रजेश राय ने मौजूद लोगों से अमन चैन से त्योहार मनाने की अपील की। थाना प्रभारी ने कहा कि रमजान के बीच पड़ रहा होली के त्यौहार को ऐसी खुशियों के साथ मनाएं जिससे किसी दूसरे को कोई परेशानी न हो। मस्जिद के पास अगर नमाज के समय हो तो डीजे धीमा कर दें। जिसे रंग से एतराज हो उसे रंग न लगायें। मिल जुलकर भाईचारे की परम्परा के साथ त्योहार को मनाने का आनन्द उठाएं जिससे सामाजिक समरसता बनी रहे। अगर कोई अराजक व्यक्ति कुछ गड़बड़ करता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। क्षेत्र में होली जलाने के किसी स्थान को लेकर किसी प्रकार का विवाद हो तो बताएं जिससे समय रहते उसका समाधान किया जा सके। त्योहार के मध्य किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने पर विधिक कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर कस्बे के सम्भ्रांत लोगों के अलावा क्षेत्र के प्रधान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# लकड़ी माफियाओं पर तहसीलदार की कार्यवाही से मचा हड़कंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

तंबौर, सीतापुर। तहसीलदार लहरपुर मनीष त्रिपाठी द्वारा गुरुवार सुबह 5 बजे तंबौर कस्बे में ओवरलोड व ओवरहेड अवैध लकड़ी वाहनों पर की गई कार्यवाही से हड़कम्प मच गया। लगभग डेढ़ दर्जन लकड़ी लदे वाहनों को मनीष त्रिपाठी तहसीलदार लहरपुर द्वारा थाने पर लाकर जीएसटी, मंडी सचिव, परिवहन विभाग के सुपुर्द कर परिवहन, मंडी व जीएसटी विभाग भी मौके पर आ पहुंचा। गुरुवार सुबह मसीनों पर कस्बे की सड़कों व लकड़ी मंडी पहुंचकर तहसीलदार लहरपुर मनीष त्रिपाठी ने लकड़ी लदे करीब डेढ़ दर्जन वाहनों को पकड़कर थाने लाकर खड़ा कर दिया गया। जिनमें एक डेस्ट भरा ट्रक ,तीन लकड़ी लदे ट्रकों के साथ चौदह लकड़ी भरे ट्रैक्टर पटियाला सहित। सुबह पाँच बजे से दस बजे तक पकड़े गए इन वाहनों को थाना तंबौर के सामने सड़क से लेकर रोड तक लंबी लंबी कतारें लग गई। इन वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में देने के बाद तहसीलदार ने इसकी सूचना जीएसटी, मंडी व वनविभाग को दी सूचना पाकर जीएसटी एसटीओ, बीबी सिंह, एआरटीओ एम आदीन अहमद के साथ मंडी सचिव ने मौके पर पहुँचकर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। जिले के जन प्रतिनिधि निकलते रहे लेकिन किसी ने किसी भी व्यक्ति से हाल चाल पूछना मुनासिफ नहीं समझा। आज क्षेत्रीय जनता की दबी जुबान से निकल रहा था मुख्तार अनीस होते तो आज ये दिन नहीं आता आज याद आ रही लोगों को कहना था की मुख्तार अनीस जैसे नेताओं की जरूरत है जिले में। तहसीलदार द्वारा एकाएक की गई ओवरलोड व ओवरहेड वाहनों पर की गई कार्यवाही से लकड़ी मंडी में हड़कंप मचा हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी वनविभाग पर भी उठ रहे सवाल।

# बकरी के मामूली विवाद ने लिया खूनी रूप

## – इलाज के दौरान घायल की मौत, महिला समेत तीन गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो /रामकोट, सीतापुर। जनपद के रामकोट थाना क्षेत्र के रहीमपुर मढ़िया गांव में महज एक बकरी को लेकर शुरू हुई कहासुनी हत्या जैसे जघन्य अपराध में बदल गई। इस मामले में पुलिस ने फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरतार कर जेल भेज दिया है। गिरतार आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। जानकारी के अनुसार, रहीमपुर मढ़िया गांव में एक पक्ष की बकरी दूसरे पक्ष के घर में घुस गई थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई, जिसने देखते ही देखते हिंसक झड़प का रूप ले लिया। इस मारपीट में प्रथम पक्ष के शत्रोहन (पुत्र जगन्नाथ) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल सीतापुर ले जाया गया, लेकिन हालत चिंताजनक होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ के केजीएमयू रेफर कर दिया। दो दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद 22 फरवरी को शत्रोहन ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों का हंगामा और पुलिस की दबिश शत्रोहन की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने आरोपियों की गिरतारी की मांग को लेकर सड़क जाम कर जोरदार हंगामा किया। स्थिति को भांपते हुए पुलिस ने सक्रियता दिखाई और फरार चल रहे आरोपियों की तलाश तेज कर दी। पुलिसिया कार्रवाई और गिरतारी प्रभारी निरीक्षक पीयूष सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर सौमेन्द्र पुत्र परमेश्वर सतीश पुत्र परमेश्वर संतोषी पत्नी सतीश (अभियुक्ता) को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल की गई लाठी भी बरामद कर ली है। हत्या में प्रयुक्त हथियार (लाठी) बरामद होने के बाद पुलिस ने दर्ज मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 की बढ़ोतरी की है। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए तीनों आरोपियों का चालान कर उन्हें जेल भेज दिया है।


फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

**फैसल चश्में वाले**

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है। नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।

नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

**फैसल चश्में वाले**

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P

हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213

एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# चोरी के आरोपी को दस माह की सजा, अर्थदंड भी लगाया




न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप न्यायालय ने चोरी के एक मामले में आरोपी को सजा सुनाई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में की गई सशक्त पैरवी के चलते एसीजेएम–2 न्यायालय ने थाना भरथना में दर्ज मु0अ0सं0–338/2023 धारा 379/411 भादवि से संबंधित मामले में अभियुक्त अनुप कुमार उर्फ बउआ पुत्र प्रकाश नारायण निवासी सण्डलपुर थाना लवेदी को दोषी करार दिया। न्यायालय ने अभियुक्त को 10 माह के साधारण कारावास तथा 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इस कार्रवाई को पुलिस की प्रभावी विवेचना और अभियोजन की मजबूत पैरवी का परिणाम माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत अपराधियों को सजा दिलाने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है, जिससे अपराध पर अंकुश लगाने में मदद मिल रही है।

# परशुराम सेवा समिति की बैठक एक मार्च को

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। परशुराम सेवा समिति उ.प्र. (रजि.) की एक आवश्यक बैठक एक मार्च दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से प्रदेश कार्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल में होगी। उक्त जानकारी देते हुए परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट व प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी ने बताया कि बैठक में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित करने, परशुराम जन्मोत्सव मनाये जाने, औरैया में रक्तदान शिविर आयोजित किये जाने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने परशुराम सेवा समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों से बैठक में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# भाजयुमो महामंत्री सहित तीन रक्तदाताओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जरूरतमंद मरीजों के लिए समय से रक्त की उपलब्धता हो जिसके लिए संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के सभी सदस्यों का प्रयास रहता है। रक्तकेंद्रो में हर



रक्त समूह का रक्त उपलब्ध हो जिसके लिए मरीज के तीमारदारों को परेशान न होने पड़े जिसके लिए संस्था के सदस्य समय – समय पर रक्तदान करते रहते है । उसी कड़ी में सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के तीन सदस्यों भाजयुमो महामंत्री प्रसून तिवारी सहित तीन रक्तदाता दिग्विजय सिंह व अनिल मौर्य ने जरूरतमंद मरीजों के लिए मानस रक्तकेंद्र में स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस मौके पर संस्था से गुरमीत सिंह व रक्तकेंद्र से अमन यादव, अनुस, अर्पित, अंजली व अनामिका पाल उपस्थित रहे।

# विवाह समारोह में चली गोली से युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। बिंदकी कस्बे के फरीदपुर मोड़ स्थित एक गेस्ट हाउस में शादी विवाह कार्यक्रम के दौरान मध्य रात्रि करीब अचानक चली गोली से रवि प्रताप सिंह 40 वर्ष पुत्र चंद्रभान सिंह निवासी मोहन पुरवा थाना मटौंध जनपद बांदा गंभीर घायल हो गया। गोली लगने की घटना के बाद बारात कार्यक्रम में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। सीने में गोली लगने से घायल रवि प्रताप सिंह को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद हैलट अस्पताल कानपुर के लिए रेफर कर दिया। इस मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिंदकी हेमंत कुमार मिश्रा ने बताया कि गोली लगने से घायल रवि प्रताप सिंह ने पूछताछ में बताया है कि वह यह नहीं देख पाया कि गोली किसने चलाई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बताया कि गोली लगने से घायल व्यक्ति ठीक है, इलाज चल रहा है।

# ट्रैक्टर ट्राली पलटने से भट्ठा मुनीम की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेंता कंजरन डेरा गांव निवासी के 35 वर्षीय जय सिंह कंजर पुत्र रामकरण जो शकूरा तिराहे के समीप शहीद भट्ठा में मुनीम था। बुधवार देर रात भट्टे में ही मिट्टी डलवाते समय अज्ञात ट्रैक्टर नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था, घटना के बाद परिजन व भट्टे के कामगार उसको शकुरा तिराहे प्राथमिक उपचार के लिए ले गए जहां पर स्थानीय चिकित्सों ने उसे कानपुर के लिए रेफर किया। जहां कानपुर के हैलेट ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतक जयसिंह के परिजनों ने बताया कि उसका विवाह ममता के साथ करीब पंद्रह साल पहले हुआ था, उसके चार बच्चे, ऋतिक 8 वर्ष, शौर्य 6 वर्ष, छोटू 4 वर्ष, व बेटी परी 3 वर्षीय है। दुर्घटना में उसके कमर के निचला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। जय सिंह की मौत की सूचना पाने के बाद मां सोनकली व पत्नी ममता समेत बच्चों का रो–रोकर बुरा हाल है। इस बाबत बकेवर थाना अध्यक्ष तुषार श्रीवास्तव ने बताया कि पत्नी ममता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, शव को पीएम के लिए रवाना किया गया है।


## विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

गाड़ी सं. 05589/05590 मुजफ्फरपुर-हडपसर विशेष रेलगाड़ी

| 05589 मुजफ्फरपुर-हडपसर | | | 05590 हडपसर-मुजफ्फरपुर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 19:20 | मुजफ्फरपुर | 04:30 | -- |
| 05:45 | 05:50 | प्रयागराज छिवकी | 17:00 | 17:05 |
| 09:18 | 09:20 | मानिकपुर | 15:10 | 15:12 |
| 11:40 | -- | हडपसर | -- | 15:00 |

**मुजफ्फरपुर से**- गाड़ी सं. **05589** (मंगलवार) दिनांक- **10.03.2026** से **24.03.2026** तथा **हडपसर से**- गाड़ी सं. **05590** (गुरूवार) दिनांक- **12.03.2026** से **26.03.2026** **संरचनाः** सामान्य श्रेणी-02, स्लीपर श्रेणी-06, इकोनॉमी कोच-06, वाता. तृतीय श्रेणी-06

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 449/26 FA


# सम्पत्ति के लालच में पुत्र बना पिता का हत्यारा, सनसनीखेज खुलासा

## - पिता की हत्या कर शव को जलाया, झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद के थाना जसवंतनगर क्षेत्र में सम्पत्ति के लालच में पुत्र द्वारा अपने ही पिता की हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना का सफल अनावरण कर आरोपी पुत्र को गिरतार कर लिया है। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर के निर्देशन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर के नेतृत्व में थाना जसवंतनगर पुलिस ने यह कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार गजराज सिंह पुत्र मुन्नालाल निवासी ग्राम निलोई थाना जसवंतनगर ने थाना जसवंतनगर पर लिखित सूचना दी थी कि उसके पिता मुन्नालाल की अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर शव को कमरे में जला दिया गया है। इस सूचना पर थाना जसवंतनगर में मु0अ0सं0 21/26 धारा 103(1)/238() बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने गांव एवं आसपास के लोगों तथा रिश्तेदारों से पूछताछ की, जिसमें स्वयं वादी गजराज पर ही शक गहराया। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी गजराज पुत्र मुन्नालाल को गिरतार कर लिया। पुलिस पूछताछ



में आरोपी ने बताया कि वह बेरोजगार है और शराब पीने का आदी है, जिससे उस पर काफी कर्ज हो गया था। वह कर्ज चुकाने के लिए खेत बेचना चाहता था, लेकिन उसके पिता मुन्नालाल इसके लिए तैयार नहीं थे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। घटना की रात 25/26 जनवरी 2026 को गजराज ने डंडे से मारकर अपने पिता की हत्या कर दी और साक्ष्य मिटाने के लिए शव को बिस्तर पर रखकर बोरी और रजाई डालकर आग लगा दी। बाद में उसने अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या की झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी को गिरतार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस सफल कार्रवाई में थाना जसवंतनगर के थानाध्यक्ष कमल भाटी एवं उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# नेताजी का नाम न लेना व शिलापट ढंकना घोर निंदनीय : प्रदीप

## - सपा जिलाध्यक्ष ने डिप्टी सीएम पर साधा निशाना, बताया राजनीतिक द्वेष का प्रतीक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने सैफई आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के सैफई आगमन को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जिले की ऐतिहासिक पहचान इष्टिकापुरी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, महाकवियों तथा समाज के महान व्यक्तित्वों का स्मरण करना सराहनीय है, लेकिन सैफई की मातृभूमि में जन्मे और सैफई आयुर्विज्ञान संस्थान की नींव रखने वाले मुलायम सिंह यादव का नाम न लेना उनकी कुंठा और राजनीतिक द्वेष को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव कई बार




विधायक और सांसद रहे, देश के रक्षा मंत्री और तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे। भारत सरकार द्वारा उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया जा चुका है। ऐसे महान व्यक्तित्व का नाम न लेना जनभावनाओं का अपमान है। सपा जिलाध्यक्ष ने संस्थान प्रशासन पर भी निशाना साधते हुए कहा कि संस्थान में नेताजी द्वारा किए गए शिलान्यास और उद्घाटन के शिलापट को ढंकना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि शिलापट ढंकने से नेताजी का कद कम नहीं किया जा सकता और समाजवादी पार्टी इसका पुरजोर विरोध करती है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री द्वारा नेताजी के प्रति असम्मान प्रकट करना समाजवादी पार्टी और जनपद की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी और पूरे जनपद की समाजवादी पार्टी इसकी घोर निंदा करती है। प्रेस वार्ता में जिला महासचिव वीरभान सिंह भदौरिया वीरू, एसआईआर प्रभारी उदयभान सिंह यादव, पूर्व सदर प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, लाखन सिंह जाटव, जिला उपाध्यक्ष अनवार हुसैन, जिला प्रवक्ता विक्की गुप्ता, जिला सचिव प्रवीण कुशवाहा, दीपी सिंह, संतोष राठौर, संतोष राजपूत, गौरव यादव, अरविंद यादव, विवेक यादव, बृजेश यादव लाला, दीपू यादव, विक्की यादव, राजेश कुमार यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पंजीकृत व्यापारियों को मिले आयुष्मान जैसी स्वास्थ्य बीमा सुविधा : धर्मेन्द्र

## - जीएसटी स्थापना दिवस व व्यापार बंधु बैठक में व्यापारियों ने उठाई समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। राज्य कर कार्यालय में जीएसटी विभाग का स्थापना दिवस समारोह एवं व्यापार बंधु की बैठक जीएसटी कमिश्नर ग्रेड–1 एच पी राव दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एडिशनल कमिश्नर विशेष अनुसंधान शाखा एस. एम. सिंह सहित व्यापारी संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने जीएसटी पंजी.त छोटे व्यापारियों को आयुष्मान योजना की तर्ज पर स्वास्थ्य बीमा योजना एवं आपदा राहत सहायता प्रदान किए जाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि छोटे व्यापारी आर्थिक जोखिमों का सामना करते हैं, इसलिए उनके लिए ऐसी योजनाएं बेहद आवश्यक हैं। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. हरिशंकर पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जीएसटी लागू होने के बाद भी तंबाकू पर मंडी शुल्क लिया जा रहा है, जिसे समाप्त किया जाना चाहिए। जिला प्रवक्ता इकरार अहमद ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक



उत्पाद तथा वित्त पोषण सहायता योजनाओं की समीक्षा कर व्यापारियों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने की मांग की। महिला जिला अध्यक्ष अर्चना कुशवाहा एवं महिला जिला महामंत्री वर्षा दुबे ने शहर में दूरसंचार विभाग के अनुपयोगी लोहे के पोल हटाने की मांग की, जिससे आमजन को हो रही असुविधा से राहत मिल सके। बैठक में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा, युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाहा, नगर प्रभारी संजय वर्मा, जिला मंत्री यामीन रिंकू चौधरी, संजय कुशवाहा, युवा जिलाध्यक्ष सिम्मी खान, लाइन पार महिला अध्यक्ष अंजू यादव, बबिता, सोनी यादव सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद।

# एसएसपी ने जनसुनवाई में सुनी फरियादियों की समस्याएं

## – त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा गुरुवार को पुलिस कार्यालय में नियमित जनसुनवाई का आयोजन कर फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। जनसुनवाई में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं, जिन पर एसएसपी ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना और उन्हें निष्पक्ष जांच कर न्यायोचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से दूरभाष पर वार्ता कर शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। एसएसपी ने स्पष्ट कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान कर पुलिस और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत किया जा रहा है।

# रेडक्रास चेयरमैन ने दिव्यांगों के साथ मनाया होलिकोत्सव

## - होली के उपहार किए भेंट, बच्चों ने जताई खुशी



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। रंगों के त्योहार होली के पूर्व गुरूवार को इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन व प्रदेष कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने बचपन डे केयर सेंटर में दिव्यांग बच्चों के बीच होलिकोत्सव मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रगति मिश्रा उपस्थित रहीं। सर्वप्रथम प्रगति मिश्रा व डॉ अनुराग ने सभी बच्चों को अबीर गुलाल लगाकर व होली की टोपी पहनाकर उनके उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की तत्पश्चात सभी बच्चों को होली के उपहार पिचकारी, अबीर, रंग, मुखौटे, गुब्बारे व खाद्य सामग्री इत्यादि का वितरण कर बच्चों को खुशियां बांटने का प्रयास किया। सभी बच्चे बहुत खुश थे। साथ ही सभी बच्चों को चिकनपॉक्स से बचाव व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने हेतु होम्योपैथिक औषधि भी प्रदान की। डॉ अनुराग ने सभी जनपदवासियों से अपील किया कि रंगों के इस त्योहार में आपसी गिले शिकवे भुलाकर सौहार्दपूर्ण होली मनाएं। इस अवसर पर समन्वयक पवन तिवारी, विशेष शिक्षक सुमित, अनूप, मनीषा, प्रीती, रामशंकर, दीपा यादव, किरन, दिलीप, चैतन्य कुमार, अभिनव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# यादव जी की लवस्टोरी फिल्म का विरोध शुरू

## - अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। गुरुवार को यादव महासभा का एक प्रतिनिधिमंडल ने कथित फिल्म यादव जी की लवस्टोरी के निर्माण पर आपत्ति जताते हुए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि फिल्म के निर्माण और प्रदर्शन पर रोक लगाई जाए तथा जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में यादव महासभा के अध्यक्ष चौधरी राजेश यादव ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिल रही है कि यादव जी की लवस्टोरी नाम से एक फिल्म बनाई जा रही है, जिसमें लड़की को यादव समाज (हिन्दू) से और लड़के को मुस्लिम धर्म से दर्शाया गया है। प्रतिनिधिमंडल का आरोप है कि इस प्रकार की कहानी से समाज विशेष की भावनाएं आहत हो सकती हैं और प्रदेश के शांत माहौल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी उल्लेख किया कि प्रदेश में उच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत जाति आधारित सम्मेलनों और रैलियों पर रोक है। ऐसे में जाति और धर्म




आधारित विषयों पर फिल्म निर्माण से सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि किसी भी ऐसी फिल्म को अनुमति न दी जाए, जिससे किसी भी जाति या धर्म विशेष की भावनाएं आहत हों। ज्ञापन देने वालों में नरसिंह यादव, भूप यादव, वीर सिंह यादव, अंशू यादव, शुगर सिंह यादव, शिव सिंह यादव, प्रमोद यादव एडवोकेट, दिग्विजय सिंह एडवोकेट, अंकित यादव, समरजीत यादव, नागेंद्र यादव, राजन यादव, प्रकाश यादव, भीम सिंह यादव, पप्पू यादव और राज आकाश यादव सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# जमुनापारी बकरियों के संरक्षण को मिली नई मजबूती, संवरेगा नस्ल सुधार केंद्र

## - आधुनिक शेड, मीटिंग हॉल और बेहतर सुविधाओं से बढ़ेगी संख्या
## - वैश्विक स्तर पर मजबूत होगी इटावा की पहचान

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। अपनी विशिष्ट कद–काठी और उत्.ष्ट दुग्ध उत्पादन क्षमता के लिए देश–विदेश में प्रसिद्ध जमुनापारी बकरियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए जिले में बड़ा कदम उठाया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार की जमुनापारी बकरी नस्ल संरक्षण एवं सुधार योजना 2024–25 के अंतर्गत लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से नस्ल सुधार केंद्र



का व्यापक कायाकल्प कराया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य जमुनापारी नस्ल के संरक्षण के साथ–साथ उनकी संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि करना है। जॉइंट डायरेक्टर भदावरी, डॉ. धर्मेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि केंद्र पर बकरियों के लिए दो नए अत्याधुनिक शेड और एक आधुनिक मीटिंग हॉल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। साथ ही आठ पुराने शेडों का जीर्णोद्धार कर उन्हें बेहतर बनाया गया है। पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नए पंपिंग सेट लगाए गए हैं तथा पुराने पंपों को भी पुनः चालू किया गया है, जिससे बाड़ों और खेतों तक पानी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा केंद्र परिसर में जल निकासी के लिए नालियों, शौचालयों तथा लगभग 60 से 70 मीटर लंबे खड़ंजा मार्ग का निर्माण कराया गया है, जिससे आधारभूत सुविधाएं और मजबूत हुई हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी आवासों के लिए बजट अभी स्वी.त होना शेष है, लेकिन मुख्य परियोजना का कार्य पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ कराया जा रहा है। जांच टीम द्वारा बताई गई कमियों को भी दूर कर लिया गया है। विभाग का लक्ष्य अब जमुनापारी बकरियों की संख्या में कई गुना वृद्धि कर इटावा की इस पारंपरिक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना है। यह परियोजना न केवल नस्ल संरक्षण में मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि पशुपालकों की आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# टीईटी अनिवार्यता पर आपत्ति जता पीएम को भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता पर आपत्ति जताते हुए उत्तर प्रदेष महिला षिक्षक संघ के बैनर तले महिला षिक्षकों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्षन कर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले तथा राइट टू एजुकेशन अधिनियम 2009



की धारा 23 में वर्ष 2017 के संशोधन द्वारा थोपी गई व्यवस्था के विरुद्ध कड़ी आपत्ति व्यक्त की गई। यह निर्णय आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्य करने का है, जो न केवल संवैधानिक सिद्धांतों के विरुद्ध है, बल्कि कानून के पूर्वव्यापी प्रभाव के सामान्य नियमों का भी उल्लंघन करता है। किसी भी कानून या नियम में किया गया परिवर्तन सामान्यतः भविष्य की तिथि से लागू होता है, न कि पूर्व की नियुक्तियों पर। इस निर्णय से उत्तर प्रदेश में लगभग 2 लाख तथा देशभर में 20 लाख से अधिक शिक्षक–शिक्षिकाओं का भविष्य संकट में पड़ गया है। निरंतर मानसिक दबाव के कारण शिक्षकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है तथा समाज में असंतोष और नकारात्मक वातावरण बन रहा है। इस मौके पर उत्तर प्रदेष महिला षिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष चम्पा शर्मा, रश्मि श्रीवास्तव, श्रद्धा अवस्थी, मोनिका सिंह, प्रितिजा, अपराजिता, विनीता, शालिनी मौर्य, राधा त्रिपाठी, मनोरमा, सुषमा भी मौजूद रहीं।


न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488





## विशेष रेलगाड़ियों के संचालन अवधि में विस्तार

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के संचालन अवधि में विस्तार का निर्णय लिया गया है। निम्न विशेष रेलगाड़ियाँ अपने पूर्व निर्धारित समय, ठहराव एवं मार्ग के अनुसार चलेंगी, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

| गाड़ी सं. | स्टेशन | | आवृत्ति | विस्तारित तिथि | |
|---|---|---|---|---|---|
| | से | तक | | से | तक |
| 02563 | बरौनी | नई दिल्ली | प्रतिदिन | 01.03.2026 | 30.03.2026 |
| 02564 | नई दिल्ली | बरौनी | प्रतिदिन | 01.03.2026 | 31.03.2026 |
| 02569 | दरभंगा | नई दिल्ली | प्रतिदिन | 01.03.2026 | 30.03.2026 |
| 02570 | नई दिल्ली | दरभंगा | प्रतिदिन | 01.03.2026 | 31.03.2026 |

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 453/26 (A)

# जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यो को जल्द कराएं पूरा : अजीत सिंह

## - केन्द्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्रों को करें लाभांवित

## - ग्राम चौपालों के रोस्टर से जनप्रतिनिधियो को आयोजन के पूर्व कराएं अवगत

न्यूज वाणी ब्यूरो/ फतेहपुर। विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में प्रभारी मंत्री व इलेक्ट्रॉनिक्स सूचना प्रद्योगिकी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उ0प्र0 सरकार के राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने कानून व्यवस्था, तहसील दिवस, थाना समाधान दिवस, आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायते, महिला सशक्तिकरण एवं अपराधियों के प्रति कठोर अभियान चलाकर सुरक्षा एवं सुशासन की व्यवस्था, फुट पेट्रोलिंग अभियान, सीसी टीम चिन्हित थानों की, यातायात से संबंधित कार्यवाही, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, ग्लोबल इन्वेस्टर समिट, स्वरोजगार योजना के अलावा अन्य विभागीय कार्यों की प्रगति, टेबलेट वितरण, स्मार्ट फोन का वितरण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आदि से संबंधित योजनाओ पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही योजनाओ की अद्यतन स्थिति की जानकारी की और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पाल सिंह ने जनपद के कानून व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि पुलिस विभाग द्वारा शिकायतों के निस्तारण शासन की मंशानुरूप किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि पुलिस विभाग की पेट्रोलिंग निरंतर संवेदनशीलता के




साथ कराई जाय एवं एंटी रोमियो स्कार्ट टीम की पेट्रोलिंग स्कूल/सार्वजनिक स्थलों के आस पास बढ़ाई जाये। प्रभारी मंत्री ने कहा कि साइबर जागरूकता कार्यक्रम निरंतर चलाते रहे। उन्होंने कहा कि सभी माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से करते हुए उनका फीड बैक भी लिया जाय। उन्होंने सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर जन सामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए जाने के साथ ही यह ध्यान दे कि सभी स्वास्थ्य जांचे व दवाएं समय से उपलब्ध हो। गौशालाओ में संरक्षित गौवांशो के भरण पोषण की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखें। साथ ही गौचर की खाली पड़ी जमीन में हरे चारे की बुवाई कराएं। जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि ग्राम पंचायतों में बने सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण कर उनकी क्रियाशीलता सुनिश्चित कराए एवं जनपद में तैनात सफाई कर्मियों के कार्यों का भी सत्यापन किया जाये। उन्होंने कहा कि वित्त पोषित योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का ससमय निस्तारण कराते हुए बैंकों से ऋण का वितरण कराए साथ ही यह ध्यान रखें कि जो आवेदन निरस्त किए जाएं उनमें स्पष्ट कारण अवश्य दर्शाया जाय। उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाले ग्राम चौपालों के रोस्टर से जनप्रतिनिधियो को आयोजन के पूर्व अवगत कराए। उन्होंने कहा कि मानक के अनुसार ही खनन कराया जाए एवं नियमानुसार दिन में ही खनन क्षेत्रों में खनन कराया जाय एवं पोकलैंड के खनन न कराया जाये का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि खनन परिवहन ओवरलोड न होने पाए मानक के अनुरूप ही कराए और नियमानुसार प्रवर्तन कार्यवाही की जाये। सड़क निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाए। गुणवत्ता विहीन सड़क निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदारों पर ब्लैकलिस्ट की भी कार्यवाही की जाये। मंत्री ने जनपदवासियों को आगामी त्यौहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभांवित किया जाये इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित कराए। उन्होंने कहा कि जलजीवन मिशन के तहत अधूरे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराए साथ ही जलजीवन के जो कार्य पूर्ण हो गए हैं जनप्रतिनिधियो से लोकार्पण भी कराए। डीएम रविन्द्र सिंह ने प्रभारी मंत्री को आष्वस्त किया कि निर्देशों का विभागो द्वारा अक्षरशः पालन कराया जायेगा। डीएम ने प्रभारी मंत्री को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, विधायक बिन्दकी जय कुमार जैकी, विधानसभा सदस्य अवनीश सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज, जिला विकास अधिकारी, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी, उप निदेशक कृषि, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

*इनसेट–*

### जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं

फतेहपुर। प्रभारी मंत्री अजीत सिंह पाल ने सदर तहसील पहुंचकर जनता दर्शन में दूर दराज क्षेत्र से आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना। उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि जनता दर्शन में आए हुए फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण नियमानुसार कार्यवाही पूरी करते हुए गुणवत्तापूर्ण समयबद्धता के साथ पूर्ण कराए। उन्होंने उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी को अग्रसारित करते हुए प्रार्थना पत्रों को पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक ढंग से निस्तारण किया जाए, एवं जनता दर्शन में दूर दराज क्षेत्र से आए हुए फरियादियों के लिए बैठने के लिए कुर्सी, पीने के पानी व्यवस्था भी जाये।

## इफ्तार व सहरी




सुन्नी हजरात
नवें रोजे का इफतार 6.08 व दसवें रोजे की सहरी 5.07 मिनट पर करे।
शिया हजरात– नवें रोजे का इफतार 6.18 व दसवें रोजे की सहरी 4.57 मिनट पर करे।

# सिद्धपीठ रूरेश्वर महादेव मंदिर में हुआ सामूहिक उपनयन संस्कार

### – श्रीश्री 1008 स्वामी विरक्तानन्द सरस्वती परमहंस ने लिया हिस्सा

न्यूज वाणी ब्यूरो/ फतेहपुर। चुरियानी सामियाना फुलवामऊ स्थित श्री सिद्धपीठ श्री रूरेष्वर महादेव मंदिर में गुरूवार को



सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान 73 बटुकों का उपनयन संस्कार किया गया। कार्यक्रम को भव्यता के साथ मनाया गया। जिसे सभी ने सराहा। उपनयन संस्कार कार्यक्रम का आयोजन पूर्व प्रधान बमलहरी ने कराया। अध्यक्षता श्रीश्री 1008 स्वामी विरक्तानन्द सरस्वती परमहंस ने की। उपनयन संस्कार में आचार्य बेनी माधव, प्रेम बाबू द्विवेदी, मुनऊ महाराज, अनिल त्रिपाठी, बीपी पाण्डेय, प्रेमषंकर मिश्रा, सुधीर त्रिपाठी, चुन्ना बाब, षिवप्रसाद त्रिपाठी, अनिल षुक्ला, रूद्रपाल सिंह, राजू अध्यक्ष ने भी हिस्सा लिया। बटुकों को भीक्षा दी गई और कार्यक्रम को सम्पन्न कराया गया। इस मौके पर कमलहरी महराज, जमुना षुक्ला, आषुतोश उर्फ कुबेर, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, राजकुमार द्विवेदी, रामप्रताप पाल, अनुराग तिवारी, कमल तिवारी, मुल्लू त्रिवेदी, राहुल गुप्ता, षानू सिंह, राजू गुप्ता, राकेष रैदास, विजय तिवारी, रज्जन बाबा आदि मौजूद रहे।

# होली व ईद मिलन कराएगा उद्योग व्यापार मंडल

### – पदाधिकारियों को बांटी गई जिम्मेदारियां

न्यूज वाणी ब्यूरो/ फतेहपुर। जिला उद्योग व्यापार मंडल पंजीकृत की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें आगामी पर्व होली व ईद को लेकर मिलन समारोह आयोजित करने का फैसला लिया गया। जिसकी जिम्मेदारियां पदाधिकारियों को सौंपी गई। बैठक का आयोजन षहर के हरिहरगंज स्थित एक होटल में किया गया। बैठक में बड़ी



संख्या में पदाधिकारियों ने षिरकत की। जिसमें आगामी पर्व होली व ईद को लेकर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक वर्शों की भांति इस वर्श भी होली व ईद मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की जिम्मेदारी पदाधिकारियों के बीच बांटी गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेष अध्यक्ष रवि प्रकाष दुबे ने कहा कि समारोह का उद्देश्य व्यापारी और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच भाईचारे को मजबूत करना होगा। जल्द ही कार्यक्रम के स्थान व तारीख की घोशणा कर दी जाएगी। बैठक में वितरक संघ अध्यक्ष प्रकाश सिंह, नगर अध्यक्ष राम बाबू मिश्रा, नगर महामंत्री सरदार वरिंदर सिंह, युवा जिलाध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह, जिला संगठन मंत्री राज कुमार गुप्ता, वितरक संघ उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता, वितरक संघ महामंत्री बद्री विशाल गुप्ता, जिला मंत्री मो इमरान, सुरेश चंद्र गुप्ता, मोहम्मद आरिफ, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू आदि मौजूद रहे।

# टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने दिया धरना

### - पीएम को ज्ञापन भेजकर पूर्व के नियुक्त शिक्षकों को छूट प्रदान किए जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो/ फतेहपुर। टीईटी अनिवार्यता के विरोध में गुरूवार को टीचर्स फेडरेषन ऑफ इंडिया के बैनर तले षिक्षकों ने जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी कार्यालय पर एक दिवसीय धारना प्रदर्षन किया। तत्पष्चात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ज्ञापन भेजकर आदेष के पूर्व नियुक्त षिक्षकों को छूट प्रदान किए जाने की मांग की। धरने में उत्तर प्रदेष प्राथमिक षिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह व उत्तर प्रदेष जूनियर हाईस्कूल षिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अजय भी षामिल रहे। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेष में षिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 27 जुलाई 2011 से लागू किया गया है। अधिनियम के अनुसार अधिनियम के प्रभावी होने की तिथि से अथवा उसके उपरान्त नियुक्त होने वाले षिक्षकों को षिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य किया गया है, जबकि



उसके पूर्व में नियुक्त सभी षिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त रखा गया है लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के द्वारा देष के सभी राज्यों में अधिनियम लागू होने की तिथि से पूर्व में नियुक्त षिक्षकों को भी सेवा में बने रहने अथवा पदोन्नति हेतु टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है जोकि पूर्व में नियुक्त शिक्षकों के साथ सरासर अन्याय है। तत्पष्चात जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर षिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने की तिथि से पूर्व नियुक्त षिक्षकों को टीईटी से छूट प्रदान करने हेतु अध्यादेष लाकर संसद द्वारा कानून पारित कराने की मांग की। इस मौके पर चम्पा षर्मा, विजय त्रिपाठी, ललतेष त्रिवेदी, श्रद्धा अवस्थी, अरूण कुमार मिश्र, जितेन्द्र वर्मा, अनुराग कुमार मिश्र, हर्शवर्धन सिंह, षैलेन्द्र सिंह भदौरिया, संतोश पटेल, ओमी पाण्डेय, षिवओम सिंह, पंकज बाजपेयी, दिनेष सिंह, योगेन्द्र कुमार, बलराम सिंह, दिग्विजय सिंह, अखिलेष त्रिपाठी, पवन पटेल, अमित त्रिवेदी भी मौजूद रहे।

# गरजा सीजेए, पत्रकार सुरक्षा कानून की फिर उठी जोरदार मांग

### - राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नवनीत रावत पहुंचे फतेहपुर, राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान के साथ की संयुक्तप्रेस वार्ता

### - जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह ने अपनी टीम के साथ किया स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो/ फतेहपुर। साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नवनीत रावत के फतेहपुर आगमन पर संगठन के जिला अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह ने अपनी टीम के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान भी मौजूद रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नवनीत रावत एवं राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान ने कहा कि देश में पत्रकारों का उत्पीड़न लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने पत्रकारों की आर्थिक एवं दयनीय स्थिति एवं प्रशासनिक उपेक्षा पर चिंता जताई। आगे कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत करने के लिए ठोस नीतिगत कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इस दौरान सीजेए पदाधिकारियों ने पुनः देशभर में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, मीडिया आयोग के गठन, पत्रकारों का अनिवार्य रजिस्ट्रेशन, मान्यता प्रक्रिया का सरलीकरण, पत्रकारों के लिए मानदेय एवं पेंशन व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई। साथ ही पत्रकारों एवं उनके परिजनों के लिए स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में रियायत तथा सरकारी योजनाओं का प्राथमिकता के आधार पर लाभ दिए जाने की भी मांग की गई। इस दौरान उत्तराखण्ड राज्य सह प्रभारी पारुल सिंह ने अपने कार्यालय में संगठन के



पदाधिकारियों का सम्मान किया। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा हुई और सदस्यता अभियान को गति देने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह, इसरार अहमद मुमताज, पंकज सक्सेना, अरुण कुमार, राहुल सिंह, लक्ष्मी सिंह, संजय सिंह सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# दामोदर सावरकर की मनाई 60 वीं पुण्यतिथि

### – मोदी सरकार से भारत रत्न दिए जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो/ फतेहपुर। अखिल भारत हिंदू महासभा ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, हिंदू महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, विनायक दामोदर सावरकर की साठवीं पुण्यतिथि कैम्प कार्यालय आईटीआई रोड में उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण व आरती करके मनाई। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी ने केंद्र की मोदी सरकार से मांग किया कि सावरकर को शीघ्र भारत रत्न दिया जाए। उनके नाम से डाक टिकट जारी किया जाए। आखिर इतना विलंब क्यों लग रहा है उन्हें भारत रत्न देने में। देश के प्रति उनके द्वारा किए गए कार्य व बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्रा, जिला प्रभारी गजेंद्र मौर्य, स्वामी राम आसरे आर्य, गोरे तिवारी, दीपक यादव, डॉ प्रमोद पांडेय, संतोष नेता, राज शर्मा, रंजना सिंह, सुधा सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।




# प्रभारी मंत्री ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया भूमि पूजन

### – ग्रामीणों को निःशुल्क मिलेगा शुद्ध पानी : विराज शास्त्री

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। लाल बहादुर षास्त्री मेमोरियल फाउंडेषन के तत्वाधान में कुसुम्भी गांव में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भूमि पूजन प्रभारी मंत्री अजीत सिंह पाल ने किया। वहीं भाजपा नेता विभाकर षास्त्री के बेटे विराज षास्त्री ने बताया कि इस वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का षुभारंभ एक महीने में हो जाएगा। इस प्लांट के जरिए पांच हजार लीटर षुद्ध पानी यहां के ग्रामीणों को बिल्कुल मुत मिल सकेगा। विराज षास्त्री ने बताया कि उनका सपना है कि जिले के कई स्थानों पर ऐसे आरओ प्लांट लगवाकर लोगों को षुद्ध पानी पिलाया जा सके। इसके साथ ही उन्होने कहा कि जिले में कई हेल्थ कैंप लगवाकर लोगों को कुषल चिकित्सकों की सलाह के साथ स्वास्थ्य के प्रति लोगों को लाभान्वित कराया जाएगा। उन्होने कहा कि लाल बहादुर षास्त्री मेमोरियल फाउंडेषन फतेहपुर को एक नया मुकाम देगा। भाजपा नेता विभाकर षास्त्री ने कहा कि उनका बेटा विराज षास्त्री अब फतेहपुर के लिए ही कार्य करेगा। अषुद्ध पानी से कई बीमारियों से लोग ग्रसित हो जाते हैं। जिससे निजात दिलाने के लिए यह प्लांट अलग–अलग स्थानों पर लगवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, स्वरूप राज सिंह जूली, अपर्णा सिंह गौतम, राम प्रताप सिंह, सुनीता गुप्ता, षिवा ठाकुर, अमित मिश्रा नीटू, संजय श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।



# शार्ट सर्किट से रेडीमेड शॉप में लगी आग

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। बिंदकी कस्बे के मुगल रोड में कोतवाली के समीप लक्ष्मी होटल के बगल में नदीम निवासी मोहल्ला मुगलाही कस्बा बिंदकी कोतवाली बिंदकी की रेडीमेड कपड़े की मोनू गारमेंट्स नाम से दुकान है। गुरुवार की सुबह लगभग 6.30 बजे बिजली के शार्ट सर्किट से रेडीमेड की दुकान मोनू गारमेंट्स में आग लग गई। आग लगने की घटना के बाद हड़कंप मच गया मौके पर भारी भीड़ लगगई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड पहुंची। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिंदकी हेमंत कुमार मिश्रा भी पुलिस बल के साथ पहुंचे। काफी प्रयास के बाद आग को बुझाया जा सका तब तक 10 लाख रुपए से अधिक कीमत के रेडीमेड के कपड़े जलकर खाक हो गए।

# अन्याय के खिलाफ गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक ने घोष थाने में दी दस्तक

### - लापता नाबालिग बच्ची व लापता छात्रा की बरामदगी करने में पुलिस असफल

### - जल्द ठोस कार्रवाई न हुई तो थाना घेराव की चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद के थाना सुल्तानपुर घोष



क्षेत्र में कानून व्यवस्था और नारी सुरक्षा की बदहाल स्थिति को लेकर आज गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक ने थाने में दस्तक दी। संगठन की अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिजनों के साथ थाने पहुंचा और लापता बेटियों की अब तक बरामदगी न होने पर पुलिस के खिलाफ गहरी नाराजगरी व्यक्त की। अध्यक्ष हेमलता पटेल ने गहरे रोष के साथ कहा कि ग्राम घोषिन का पुरवा मजरे खरगूपुर की एक नाबालिग बच्ची को दबंगों ने तीन महीने पहले अगवा किया था। मामले में अपराध संख्या 202/2025 धारा 87 व 137(2) बीएनएस के तहत नामजद रिपोर्ट दर्ज है, लेकिन पुलिस ने शिथिल कार्यशैली के चलते अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की। पीड़ित माँ प्रेमा देवी आज भी न्याय के लिए दर–दर भटक रही हैं। साथ ही इसी थाना क्षेत्र के एक अन्य मामले में, स्कूल गई एक और छात्रा पिछले 12 दिनों से लापता है। पीड़ित परिजनों में गहरा दु:ख और असमंजस्य की स्थिति है पीड़ित परिजन बेटी को पाकर वास्तविकता से अवगत होना चाहते हैं जहां पीड़ित परिजनों ने संदिग्ध पांच नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें उनकी बेटी को जबरदस्ती भय दिखाकर अगवा किए जाने बिंदु हैं जो स्कूल गई हुई थी और वापस घर नहीं पहुंचीं कई दिन बीत चुके हैं। हेमलता पटेल ने थाना प्रभारी से सीधी वार्ता में पूछा कि आखिर पुलिस की खुफिया तंत्र और गश्त कहां है? उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ का नारा देती है, वहीं दूसरी ओर सुल्तानपुर घोष पुलिस बेटियों को ढूंढने में नाकाम साबित हो रही है। तीन माह बीत जाने के बाद आज से पुलिस ने नाबालिग को खोजने की प्रक्रिया शुरू की है जो शिथिल कार्यशैली की पराकाष्ठा है। अध्यक्ष हेमलता पटेल ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि दोनों प्रकरणों में तत्काल बरामदगी सुनिश्चित नहीं की गई और दोषियों की गिरतारी नहीं की गई तो गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक थाने का घेराव कर आंदोलन हेतु बाध्य होगा। इस दौरान राजरानी, सरला सिंह, सुनीता, संयोगिता, रानी और पीड़ित परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# बाइकों की भिड़ंत में चार की मौत, एक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के नवनिर्मित कोल्ड स्टोर के पास वाहनों की भिड़ंत में तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हथगाम लाया गया। जहां उन्हे सदर अस्पताल के लिकए रेफर कर दिया गया। जहां एक और घायल ने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलने पर एसडीएम अभिनीत कुमार और पुलिस क्षेत्राधिकारी दुर्गेश दीप व प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार मृतकों में पतारा थाना हुसैनगंज ग्राम पंचायत मवई के श्याम लाल सिंह उर्फ रामू पुत्र फूल सिंह 45 तथा मंथोल का 23 वर्षीय पुत्र अरविन्द तथा मोतीलाल पुत्र रघुवीर 55 निवासी मोहम्मदपुर गौंती थाना सुल्तानपुर घोष सभी एक ही बाइक में सवार होकर शादी समारोह में जा रहे थे। जैसे ही यह लोग ऐरायां नवनिर्मित कोल्ड स्टोर के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गयी। जिसमें अरविन्द श्याम लाल व कमलेश कुमार पुत्र स्व0 दर्शन 60 निवासी तौरा की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि मोती लाल व दुर्गेश सुखराज गंभीर रूप से घायल हो गये। हथगाम सीएचसी पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर दोनो को उपचार के लिए सदर अस्पताल के लिए रेफर दिया। परिजन उन्हे सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने मोती लाल मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने सभी शवों को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद जहां शादी के माहौल में मातम छा गया। वहीं मृतको के परिजनों में कोहराम मच गया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )